GE
नगर संस्करण
# गुड इवनिंग
सांध्य दैनिक
इंदौर-भोपाल-ग्वालियर से प्रकाशित

पेज-6 अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल बिकने के करीब



अलग अंदाज़, अलग नज़रिया | इंदौर, शनिवार, 15 मार्च 2025 | मूल्य एक रुपए | ■ पृष्ठ : 8 ■ वर्ष : 08 ■ अंक : 349
www.goodeveninglive.com | https://www.facebook.com/goodevening01 | www.goodeveningonline.com

40 के करीब पहुंचा पारा, 4 दिन लू का अलर्ट

# इंदौर, उज्जैन में झुलसाएगी गर्मी

गुड इवनिंग, इंदौर/भोपाल

**मध्य प्रदेश के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मार्च महीने में ही 40 के करीब तापमान दर्ज किया जा रहा है। धुलेंडी के दिन प्रदेश के नर्मदापुरम का अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि मार्च के आखिरी 15 दिनों में अप्रैल जैसी गर्मी पड़ेगी। ज्यादातर शहरों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है। 4 दिन तक लू चलने का भी अलर्ट है। वहीं, अप्रैल-मई में 20 दिन हीट वेव चलेगी।**

मौसम विभाग के मुताबिक इस बार इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-चंबल सबसे ज्यादा तपेगा। मौसम विभाग भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि मार्च में बारिश के सामान्य से कम होने के संकेत मिल रहे हैं। वहीं, तापमान के सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। प्रदेश में मार्च से ही हीट वेव यानी लू भी चलेगी। 15 मार्च के बाद जब शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंचेगा, तब गर्म हवा का असर देखने को मिलेगा। हालांकि, इससे पहले ही खजुराहो, नर्मदापुरम, रतलाम, मंडला समेत कई शहरों में पारा 39 डिग्री के पार पहुंच गया।



### अब ऐसा रहेगा मौसम

15 मार्च के बाद न्यूनतम तापमान इंदौर संभाग में सामान्य से 3-4 डिग्री बढ़कर 20-23 डिग्री तक रह सकता है। जबकि शेष सभी संभागों में 19-21 डिग्री तक जाएगा। वहीं, पूरे प्रदेश में दिन में अधिकतम तापमान तेजी से बढ़ते हुए सामान्य से 2-4 डिग्री अधिक 36 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस और दक्षिण-पूर्वी हवाओं के मिलने के कारण पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्रों में बादल छाए रह सकते हैं। गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। आखिरी दिनों में रीवा और शहडोल संभागों में न्यूनतम तापमान 22-24 डिग्री सेल्सियस रहेगा जबकि भोपाल सहित शेष पूरे प्रदेश में सामान्य से 3-4 डिग्री अधिक 23-26 डिग्री सेल्सियस तक जाएगा। जबलपुर संभाग में दिन में 37-40 डिग्री जबकि भोपाल सहित शेष पूरे प्रदेश में सामान्य से 3-5 डिग्री बढ़कर 38-42 डिग्री सेल्सियस तक अधिकतम तापमान रहेगा। दक्षिण-पूर्वी हवाओं के आने से जबलपुर, शहडोल और नर्मदापुरम संभाग में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। आखिरी दिनों में ग्वालियर, चंबल, इंदौर, उज्जैन, सागर और रीवा संभाग के साथ राजगढ़, सीहोर, विदिशा, बैतूल और हरदा जिलों में 3-4 दिन तक लू भी चल सकती है।

## दिल्ली में आज फिर होगी बारिश
### उत्तर प्रदेश - राजस्थान में बूंदाबांदी के आसार

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर में लोगों को होली के त्योहार के अवसर पर शाम को हुई बारिश से चिलचिलाती गर्मी से राहत मिली। दिल्ली में क्षेत्रीय मौसम विभाग (आरएमसी) ने आज यानी 15 मार्च के लिए भी येलो अलर्ट जारी किया है। दिल्ली-एनसीआर में आज भी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक 15 मार्च को दिल्ली में गरज के साथ हल्की बारिश के बिजली चमकने की संभावना है। दिल्ली में आज 30-40 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं भी चलेंगी।

आईएमडी ने कहा कि 15 से 16 मार्च के पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है। वहीं जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। आज पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में हल्की बारिश होगी। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश के साथ बिजली चमकने का अलर्ट है। 15 मार्च से 16 मार्च के बीच असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में हल्की बारिश होगी।



### कई राज्यों में गर्मी ने दिखाए तेवर

- छत्तीसगढ़ में अभी से गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है। वहां तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। आज भी राज्य में तापमान ऐसे ही बना रहेगा।
- राजस्थान के 11 जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव की वजह से राजस्थान के जयपुर, सीकर, भरतपुर, बीकानेर , अलवर, दौसा और चूरू कई जिलों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है।
- बिहार में भी तापमान अभी से 35 डिग्री के ऊपर दर्ज किया जा रहा है। आने वाले दिनों में बिहार में भीषण गर्मी देखने को मिलेगी। बिहार में आज मौसम में कोई बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। वहीं 16 मार्च यानी रविवार को बिहार के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावन है।

## Short News

### शिक्षक के खिलाफ शिकायत पर गिरफ्तारी से पहले जांच जरूरी : केरल हाई कोर्ट




**कोच्चि।** केरल हाई कोर्ट ने निर्देश दिया कि अगर किसी छात्र या माता-पिता की शिकायत पर किसी शिक्षक पर आपराधिक मामला दर्ज किया जाता है, तो शिक्षक को तब तक गिरफ्तार नहीं किया जाएगा जब तक प्राथमिमक जांच यह साबित न कर दे कि आरोप सही है। जस्टिस पी.वी. कुन्हीकृष्णन ने कहा कि यह निर्देश आज के समय की जरूरत है, जहां छात्र शिक्षण संस्थान के भीतर हथियार, शराब और नशे का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा, हमारे राज्य में युवा पीढ़ी का व्यवहार बहुत चिंताजनक है। वे गंभीर अपराधों में शामिल हो रहे हैं और कुछ तो नशे और शराब के आदी हैं। हाई कोर्ट ने एक शिक्षक को अग्रिम जमानत देते हुए यह निर्देश दिया। शिक्षक पर अपने एक छात्र को बेंत से मारने का आरोप था। हाई कोर्ट ने उन्हें राहत प्रदान करते हुए यह भी कहा कि शिक्षकों को शिक्षण संस्थानों में रहते हुए बेंत अपने हाथ में रखने की अनुमति होनी चाहिए।

### हिंदी विवाद पर तमिल नेताओं पर बरसे पवन कल्याण



**हैदराबाद।** केंद्र सरकार और तमिलनाडु के बीच चल रहे भाषा विवाद के बीच आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने तमिलनाडु के नेताओं की 'हिंदी' विवाद को लेकर आलोचना की। पवन कल्याण ने कहा कि तमिलनाडु के नेता राज्य में हिंदी थोपने के मामले में 'पाखंड' कर रहे हैं। उन्होंने कहा ये नेता हिंदी का विरोध करते हैं, लेकिन पैसा कमाने के लिए तमिल फिल्मों को हिंदी में डब करने की अनुमति देते हैं। पवन कल्याण ने कहा, मुझे समझ में नहीं आता कि कुछ लोग संस्कृत की आलोचना क्यों करते हैं। तमिलनाडु के नेता हिंदी का विरोध क्यों करते हैं, जबकि वित्तीय लाभ के लिए अपनी फिल्मों को हिंदी में डब करने की अनुमति देते हैं? वे बॉलीवुड से पैसा चाहते हैं, लेकिन हिंदी को स्वीकार करने से इनकार करते हैं, यह किस तरह का तर्क है?

### इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए कप्तान बने रहेंगे रोहित



**मुंबई।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद रोहित शर्मा के लिए एक और बड़ी खुशखबरी सामने आ रही है। दरअसल, रोहित शर्मा को इंग्लैंड के खिलाफ जून-अगस्त में होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टेस्ट कप्तान के तौर पर बरकरार रखा जा सकता है। ऐसी अटकलें थीं कि सेलेक्टर्स टेस्ट क्रिकेट में रोहित शर्मा के भविष्य पर फैसला ले सकते हैं। हालांकि दुबई में क्ळउ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतने के बाद हालात बदलते नजर आ रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक रोहित शर्मा को एक और बड़े दौरे पर टीम इंडिया की कप्तानी करने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और उसके सेलेक्शन पैनल का समर्थन मिला है। एक सूत्र ने कहा, 'उन्होंने (रोहित शर्मा) दिखाया है कि वह क्या कर सकते हैं।

## सोनीपत में भाजपा नेता की पड़ोसी ने की गोली मारकर हत्या



सोनीपत, एजेंसी

हरियाणा के सोनीपत में भाजपा मुंडलाना मंडल अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात सदर थाना गोहाना इलाके के जवाहरा गांव में हुई। हत्या का आरोप पड़ोसी पर लगा है। घटना के पीछे जमीन को लेकर विवाद बताया जा रहा है। सदर गोहाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। हमलावर ने एक गोली उनके माथे में मारी और दूसरी गोली पेट में मारकर भाग गया। हमलावर उनका पड़ोसी बताया गया है। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र ने गांव में अपनी बुआ के नाम से जमीन खरीदी थी। जिसे लेकर उनसे रंजिश थी। हमलावर ने सुरेंद्र को जमीन पर पैर नहीं रखने की धमकी दे रखी थी। सुरेंद्र ने जमीन की जुताई कराई थी। जिससे गुस्साए पड़ोसी ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शव को गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में भिजवाया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। उनके बयान पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

इंदौर में रोजाना 10 हजार कैरेट टमाटर की आवक

## 2 रुपए किलो बिक रहा टमाटर किसानों की नहीं निकल रही लागत

गुड इवनिंग, इंदौर

देशभर में टमाटर की बंपर फसल होने के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पिछले साल टमाटर के दाम 100 से 160 रुपये प्रति किलो तक पहुंचे थे, जिससे किसानों ने इस बार दो से तीन गुना अधिक टमाटर की फसल लगा दी। लेकिन अब हालात यह हैं कि इंदौर की थोक मंडी में टमाटर मात्र 2 से 5 रुपये किलो बिक रहा है, जिससे किसानों को लागत तक नहीं मिल पा रही।

शहर की देवी अहिल्याबाई फल एवं सब्जी मंडी में इन दिनों टमाटर की भारी आवक हो रही है। इंदौर और उसके आसपास के 100-125 किलोमीटर के क्षेत्र में भारी पैदावार के कारण मंडी में टमाटर की भरमार हो गई है। अकेले मध्यप्रदेश में ही डेढ़ लाख कैरेट टमाटर तैयार है, लेकिन कम कीमत के कारण किसान मंडी तक माल ले जाने से भी कतरा रहे हैं। महाराष्ट्र, उत्तर भारत और दक्षिण भारत में भी यही स्थिति बनी हुई है, जहां किसान बंपर उत्पादन के बावजूद सही दाम न मिलने से परेशान हैं। टमाटर की अधिकता के बावजूद इस बार जूस कंपनियां भी



बाजार से माल नहीं उठा रही हैं। आमतौर पर जब टमाटर के दाम गिरते हैं, तो जूस कंपनियां इसे खरीदकर स्टॉक कर लेती हैं, लेकिन इस बार उन्होंने भी हाथ खींच लिए हैं, जिससे किसानों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

खरगोन के किसान अशोक वर्मा, भूपेंद्र वर्मा और जीतू बागड़ी का कहना है कि मौजूदा दरों पर उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। एक कैरेट टमाटर की लागत 80 से 90 रुपए तक आती है, जिसमें तुड़ाई, गाड़ी भाड़ा, मजदूरी, बीज, खाद और दवाई का खर्च शामिल है। अभी प्रति कैरेट दर 50 से 80 रुपए तक पहुंच गई है। किसानों के पास टमाटर को खेतों में खराब होने से बचाने के लिए मंडी में बेचने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।



विदेशी मुद्रा, आभूषणङ्गऔर 2016 में बंद हो चुके पुराने नोट भी मिले

# खजराना गणेश मंदिर की दानपेटियां खुलीं: 1.21 करोड़ नकद मिले

### 15 लोगों का स्टाफ नोटों को छांटने, उनकी गड्डी बनाने और गिनती में जुटा है

गुड इवनिंग, इंदौर

*इंदौर के खजराना गणेश मंदिर की दानपेटियां खोली जा रही हैं। इस बार श्रद्धालुओं ने पुराने 500 और 1000 के नोट भी चढ़ाए हैं, जो 2016 में नोटबंदी के दौरान बंद हो चुके थे। मंदिर प्रबंध समिति के अनुसार, इन प्रतिबंधित नोटों की कुल कीमत 9,500 रुपए है। इस तिमाही में अब तक मंदिर को 1 करोड़ 21 लाख रुपए नकद प्राप्त हो चुके हैं। इसके अलावा, लाखों रुपए मूल्य के आभूषण भी मिले हैं, जिनकी सही कीमत का आकलन किया जाएगा। हमेशा की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं की मनोकामना से जुड़ी चिट्ठियां दानपेटियों में मिली हैं। खास बात यह है कि मंदिर के इतिहास में पहली बार किसी भक्त ने नई मॉडल की महंगी लेडीज वॉच भी अर्पित की है।*





इस बार 6 मार्च से शुरू हुई गणना में अब तक 1.21 करोड़ रुपए की दान राशि गिनी जा चुकी है, जिसमें विदेशी मुद्रा भी शामिल है। मंदिर समिति के अनुसार, करीब सवा दो महीने बाद दानपेटियां खोली गई हैं। इनमें नकद राशि और आभूषणों के अलावा भक्तों की चिट्ठियां भी मिली हैं। मंदिर की दान पेटियों से निकली चिल्लर की गिनती का काम मंदिर में किया जा रहा है। खास बात यह है कि इस बार दान की गई राशि में 9 साल पहले बंद हो चुके पुराने नोट भी मिले हैं। यह राशि बैंक में जमा की जाती है और इसी से मंदिर समिति का खर्च चलता है।

कड़ी सुरक्षा के बीच खोली गईं दानपेटियां कड़ी सुरक्षा के बीच दानपेटियां खोली गईं। कई लेटर भी निकले हैं, जिनमें भक्तों ने अपनी मनोकामना लिखी है। इन लेटर को भगवान को चरणों में अर्पित किया जाता है। नोटों को मशीनों से गिनकर, सौ-सौ नोट की गड्डियां बनाकर बैंक में जमा किया जाएगा। हमेशा की तरह इस बार करीब 15 लोगों का स्टाफ नोटों को छांटने, उनकी गड्डी बनाने और गिनती में जुटा है।

पिछली बार आया था 1.75 करोड़ रुपए का चढ़ावा मंदिर समिति के असिस्टेंट मैनेजर गौरी शंकर मिश्रा के मुताबिक, यह पहली बार हुआ है जब दानपेटियों में 2016 में बंद हो चुके 500 और 1000 रुपए के नोट मिले हैं। संभवतः भक्तों ने इन्हें इस सोच के साथ चढ़ाया होगा कि सरकार ने इन्हें जमा करने की समय सीमा पहले ही समाप्त कर दी थी, इसलिए अब वे दान के माध्यम से इन्हें सरकार तक पहुंचाना चाहते थे।

मिश्रा ने बताया कि पिछली बार तीन महीने की अवधि में दानपेटियों से 1.75 करोड़ रुपए की नकद राशि प्राप्त हुई थी। इस बार वित्तीय वर्ष समाप्त होने के कारण दानपेटियां जल्दी खोली गईं और सवा दो माह की अवधि में अब तक 1.21 करोड़ रुपए की राशि गिनी जा चुकी है।

पिछले साल दान पेटियों में सोने की चेन और चांदी की सिल्लियां निकली थी। इसके अलावा अमेरिका, दुबई सहित अन्य देशों की मुद्राएं भी मिली थीं। इस दौरान श्रद्धालुओं की मुराद पूरी करने के लिए गणेश जी के नाम कई पत्र भी निकले थे।

खजराना मंदिर में बुधवार को होती है सबसे ज्यादा भीड़ इस मंदिर को होलकर राजघराने की महारानी अहिल्याबाई ने 1735 में बनवाया था। मंदिर में सबसे ज्यादा भीड़ बुधवार को होती है। इसके अलावा शनिवार और रविवार को भी काफी संख्या में भक्तगण आते हैं। गणेश चतुर्दशी के 10 दिन और तिल चतुर्थी के समय तो यहां रोजाना हजारों भक्तों का तांता लगा रहता है। नए साल पर भगवान के दर्शन के लिए 31 दिसंबर की शाम से ही लाइन लगना शुरू हो जाती है और अगले दिन तक भक्तों की आवाजाही रहती है। अब यहां बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भक्त निवास भी बनकर तैयार हो चुका है।

खजराना मंदिर में बुधवार को होती है सबसे ज्यादा भीड़ इस मंदिर को होलकर राजघराने की महारानी अहिल्याबाई ने 1735 में बनवाया था। मंदिर में सबसे ज्यादा भीड़ बुधवार को होती है। इसके अलावा शनिवार और रविवार को भी काफी संख्या में भक्तगण आते हैं। गणेश चतुर्दशी के 10 दिन और तिल चतुर्थी के समय तो यहां रोजाना हजारों भक्तों का तांता लगा रहता है। नए साल पर भगवान के दर्शन के लिए 31 दिसंबर की शाम से ही लाइन लगना शुरू हो जाती है और अगले दिन तक भक्तों की आवाजाही रहती है। अब यहां बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भक्त निवास भी बनकर तैयार हो चुका है।

## साईं प्रभातफेरी में होलिका पूजन, हर घर से हुई अगवानी, महिलाओं ने उतारी आरती



गुड इवनिंग, इंदौर

26 दिवसीय साईं राम-महोत्सव के द्वितीय दिवस शुक्रवार को साईं भक्त पश्चिमी क्षेत्र स्थित हवाबंगला पहुंचे। जहां भक्तों ने नीम वाले साईं बाबा मंदिर से बाबा की भव्य प्रभातफेरी शंखनाद की ध्वनि के साथ निकाली। प्रभातफेरी के पूर्व भक्तों ने होलिका का पूजन भी किया। श्री केंद्रीय साईं सेवा समिति धार्मिक एवं मानव सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष गौतम पाठक, आयोजक निक्की चौधरी एवं श्री नीम वाले साईं बाबा भक्त मंडल ने बताया कि प्रभातफेरी शुरूआत साईं भक्तों ने सुबह 4 बजे बाबा के अभिषेक पूजन व आरती के साथ की। इसके पश्चात भक्तों ने होलिका का पूजन कर साईं बाबा की प्रभातफेरी को हवाबंगला क्षेत्र की गलियों व मोहल्लों में निकाली गई। जहां सभी रहवासियों ने बाबा की प्रभातफेरी की अगवानी में अपने घरों पर पांच दीपक रोशन कर रंगोली सजाई। महिलाओं ने बाबा को गुलाल लगाकर आरती की व आशीर्वाद भी लिया। प्रभातफेरी जैसे-जैसे आगे बढ़ते गई वैसे-वैसे भक्तों का कारवां जुड़ता चला गया। रहवासियों व भक्तों ने इस दौरान एक-दुसरे को रंग गुलाल लगाकर होली के रंगारंग पर्व की बधाई दी। प्रभातफेरी में साईं भजनों के साथ ही होली के गीत भी इस दौरान गूंजे। शुक्रवार को निकली प्रभातफेरी में महेश शाह, सुनील खंडागले, प्रदीप यादव, समीर जोशी, अशोक गायकवाड़, पवन वर्मा, उमेश शर्मा, अचल चौधरी, रमेश गौहर, जितेंद्र रावल, पंकज चौधरी,हुकूमचंद चौधरी, प्रशांत चावड़ा, लक्की वर्मा, रवि वर्मा, किशोर दौरकर सहित हजारों की संख्या में साईं भक्त मौजूद थे।

**रामनवमी पर्व पर अलसुबह निकलने वाली शोभायात्रा का दिया निमंत्रण**-श्री केंद्रीय साईं सेवा समिति धार्मिक एवं मानव सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष गौतम सुरेंद्र पाठक ने बताया कि 26 दिवसीय साईं बाबा महोत्सव में शहर की चारों दिशाओं में प्रभातफेरी निकाली जाएगी। 13 मार्च से 4 अप्रैल तक जहां प्रभातफेरी निकाली जाएगी।

### आज सिंधी कालोनी क्षेत्र से निकलेगी प्रभातफेरी

श्री केंद्रीय साईं सेवा समिति धार्मिक एवं मानव सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष गौतम सुरेंद्र पाठक एवं वीनिता पाठक ने बताया कि शनिवार 15 मार्च को प्रातः 5.30 बी के सिंधीकालोनी से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। प्रभातफेरी आयोजक हरीश ओटवानी व जगदीश मोरवानी ने बताया कि साईं प्रभातफेरी में आयोलाल-झूलेलाल के जयकारे भी गूंजेंगे। सिंधी कालोनी में प्रभातफेरी का उत्साह देखते ही बनता है। प्रभातफेरी में क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवियों को भी आमंत्रित किया गया है।

## क्षत्राणियों ने खेली फूलों व रंगों से होली



गुड इवनिंग, इंदौर

राठौर क्षत्राणी सोशल ग्रुप द्वारा आरटीओ रोड स्थित एक निजी होटल में फाग महोत्सव मनाया। इस दौरान उन्होंने फूलों व रंगो से होली खेल एक-दूसरे के चेहरों पर रंग-गुलाल लगाकर रंगो के त्यौहार होली पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम संयोजक रेणु लोकेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि फाग महोत्सव में मुख्य अतिथि डॉ. सपना राजेश राठौर, (अपर कलेक्टर), सुशीला राठौर (एडीपीओ), मीता रामबाबू राठौर (पार्षद), मंजूश्री बोड़ाने, अनीता राठौर, (संरक्षक सकल पंच राठौर समाज), मीरा चित्तौड़ा, (अध्यक्ष पदम वंशी मारवाड़ी राठौर समाज) मुख्य रूप से उपस्थित थी। महोत्सव में चारों राठौर समाज की ईकाईयों की महिलाओं को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत राधा-कृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन कर की गई। राधा राठौर द्वारा प्रस्तुत कविता ने खूब दाद बटोरी। इस दौरान राठौर समाज की कमलाबाई राठौर, कला राठौर, ताराबाई राठौर , अन्नपूर्णा राठौर का सम्मान फूलवती राठौर, राधा राठौर, सुशीला राठौर, ममता राठौर द्वारा किया गया। राधा-कृष्ण स्वरूप बने कलाकारों द्वारा गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियां भी दी गई। क्षत्राणियों द्वारा कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। महोत्सव में करीब 100 से अधिक क्षत्राणियों जिसमें सीहोर, भोपाल, देवास ,उज्जैन, ग्वालियर की महिलाओं ने भी सहभागिता की। संयोजक सरोज राठौर द्वारा क्षत्राणी रेणु राठौर को ढाल व तलवार देकर सम्मानित किया।

## फाग यात्रा में कल शामिल होगी फूल-गुलाल उड़ाती तोप

### गुमाश्ता नगर से निकलने वाले रंगारंग बाने में होंगे अनेक आकर्षण

गुड इवनिंग, इंदौर

माहेश्वरी समाज के युगलों एवं परिवारजनों सहित परंपरागत फाग यात्रा संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब के तत्वावधान में रविवार, 16 मार्च को सांय 5 बजे से गुमाश्ता नगर स्थित मुकुट मांगलिक भवन से प्रारंभ होकर नरेन्द्र तिवारी मार्ग, उषानगर, रणजीत हनुमान, स्कीम 71, गुमाश्ता नगर होते हुए पुनः मुकुट मांगलिक भवन पहुंचेगी। फाग यात्रा में शहर के लगभग सभी क्षेत्रों के माहेश्वरी बंधु, आदिवासी लोक नर्तक, फूलों की वर्षा करने वाली तोपगाड़ी, मांदल की थाप पर नृत्य करने वाले भगोरिया के आदिवासी, ऊंट गाड़ी के अलावा भजन एवं गरबा मंडल भी शामिल रहेंगे। इस दौरान, माहेश्वरी दम्पति पूरी मस्ती के साथ अलग-अलग वेशभूषा में फाग गीतों पर नाचते-गाते हुए शामिल होंगे।

माहेश्वरी कुटुम्ब के प्रमुख संस्थापक प्रकाश-शारदा अजमेरा ने बताया कि माहेश्वरी समाज के युगलों की यह परंपरागत फाग यात्रा बाने की शक्ल में रविवार को राधाकृष्ण के फाग गीतों, आदिवासी कलाकारों की मांदल पर नाचते-गाते और भगौरिया के आदिवासी लोक नर्तकों के साथ रंग-गुलाल एवं फूलों की वर्षा करते हुए संपन्न होगी। तोप से फूलों एवं गुलाल की वर्षा के बीच यह यात्रा पूरे क्षेत्र में नागरिकों का अभिवादन करते हुए अनेक आकर्षणों के साथ नरेन्द्र तिवारी मार्ग, उषानगर, रणजीत हनुमान, स्कीम 71, गुमाश्ता नगर होते हुए पुनः मुकुट मांगलिक भवन पहुंचेगी। इसके पूर्व शहर के विभिन्न अंचलों से समाजबंधु अपरान्ह 4 बजे से मुकुट मांगलिक भवन पहुंचना शुरू हो जाएंगे, जहां स्वल्पाहार के पश्चात इस रंगारंग बाने का शुभारंभ होगा। बाने में अनेक समाजबंधु देवी-देवताओं, फकीर, राजा एवं अन्य स्वांग रचकर अनूठी वेशभूषा में शामिल होंगे। कार्यक्रम की दिव्यता को देखते हुए संचालन समिति का गठन किया गया है, जिसमें मनोज छापरवाल, पुष्प माहेश्वरी, श्रीमोहन सोमानी, श्याम भांगड़िया, रूपेश भूतड़ा, आशीष बाहेती एवं गोपाल राठी सहित अनेक समाजबंधु शामिल किए गए हैं।

समापन पुनः मुकुट मांगलिक भवन पर होगा, जहां शहर के प्रमुख राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे। पिछले कई वर्षों से निकल रही इस फाग यात्रा के प्रति समाजबंधुओं में जबर्दस्त आकर्षण देखने को मिल रहा है। यात्रा एवं महोत्सव की जोरदार तैयारियां की जा रही हैं।

## मल्हारराव होलकर की 332वीं जयंती पर भव्य शौर्ययात्रा कल

**इंदौर।** श्री क्षत्रिय धनगर नवयुवक मंडल इंदूर एवं श्री क्षत्रिय धनगर सेवा संघ इंदूर के संयुक्त तत्वावधान में इन्दौर संस्थापक श्रीमंत सुभेदार मल्हारराव होल्कर की 332वीं जन्म जयंती पर भव्य शौर्ययात्रा रविवार 16 मार्च को शाम 4 बजे से राजबाड़ा देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ निकाली जाएगी। श्रीमंत सुभेदार मल्हारराव होलकर की जन्म जयंती पर निकलने वाली इस शौर्ययात्रा की तैयारियों के लिए बैठकों का दौर जारी है। वहीं शनिवार 15 मार्च को महूनाका स्थित लालबाग परिसर में सुबह 9 बजे सर्व मराठी भाषियों द्वारा श्रीमंत सुभेदार मल्हारराव होल्कर की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक कर माल्यार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर सैकड़ों युवा सहित समाज बंधु उपस्थित रहेंगे। श्री क्षत्रिय धनगर नवयुवक मंडल इंदूर एवं शौर्ययात्रा संयोजक दीपक वालेकर (सोनू), क्षत्रिय धनगर नवयुवक मंडल अध्यक्ष राकेश टकले व क्षत्रीय धनगर सेवा संघ अध्यक्ष हरीश बारगल, सचिव संजय कड़ एवं उजय बहाड़ ने बताया कि शौर्ययात्रा के दौरान युवा श्रीमंत सुभेदार मल्हारराव होलकर के इतिहास से इंदौर की जनता को रूबरू कराएंगे। शौर्ययात्रा का पूरा स्वरूप राजशाही अंदाज में शानौ-शौकत से निकाला जाएगा।

## 1965 से चली आ रही परम्परा को जीवित रखे हैं यादव परिवार

गुड इवनिंग, इंदौर

मल्हारगंज चौराहा पर शास्त्री नवयुवक मंडल द्वारा 1965 से लेकर आज तक होली दहन की परम्परा का निर्वाह किया जा रहा हैं। इस परम्परा की शुरूआत रुग्गा पहलवान ने की थी, और अब उनके पुत्र हुकम यादव और कातिर्क यादव इस परम्परा को आगे बढ़ा रहे हैं।

होलिका दहन का दिन है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होलिका की आग में बुराई जलकर नष्ट होगी, और अच्छाई की विजय होगी। इस अवसर पर हम सभी अपने भीतर की बुराई को जलाने और अच्छाई को बढ़ावा देने का संकल्प लेते हैं। यह समय अपने जीवन में अच्छे कार्यों को प्रोत्साहित करने और समाज में सद्भाव बढ़ाने का है। इस अवसर पर, राष्ट्र कवि एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण सत्तन ने होली के पूजन में भाग लिया और देश में अमन-चयन की प्रार्थना की। उन्होंने इस परम्परा के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। समाजसेवी मदन परमालिया ने भी यादव परिवार को 65 वर्षों से इस परम्परा को जीवित रखने पर बधाई दी और उनके योगदान को होलिका दहन की इस परम्परा के साथ, हम सभी को अपने समाज में अच्छाई और शांति का संदेश फैलाने का अवसर मिलता है।



# शहर में उत्साह व उल्लास से मनाया होली पर्व



गुड इवनिंग, इंदौर

शहर में सुबह से ही होली का उत्साह देखते बन रहा है। सुबह 7 बजे से ही बच्चे रंग खेल रहे हैं और युवा अपने-अपने घरों से निकलकर शहर के होटलों और गार्डनों में आयोजित होली डीजे पार्टी में शामिल हो रहे हैं। राजवाड़ा, मल्हारगंज क्षेत्र, जूनी इंदौर सहित मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों में होली का जोश और उल्लास सबसे ज्यादा दिखाई दे रहा है। इंदौर में होली के मुकाबले रंगपंचमी का त्योहार अधिक धूमधाम से मनाया जाता है, लेकिन इसके बावजूद शहर के कई इलाकों में अलग-अलग भव्य जुलूस निकाले जा रहे हैं, जिनमें सैकड़ों लोग शामिल हो रहे हैं। राजवाड़ा, 56 दुकान जैसे लोकप्रिय स्थानों पर दो दृश्य देखते ही बन रहा है।







इंदौर। भाईचारे के रंग में रंगी जूनी इंदौर की मस्जिद, हिंदू-मुस्लिम समुदाय ने साथ मनाई। होली का दिया शहर और देश वासियो को एकजुड़ रहने का सन्देश।





## किसानों की सुविधा के लिए बनाए गए है 91 खरीदी केंद्र

# इंदौर में आज से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी

गुड इवनिंग, इंदौर

*इंदौर में समर्थन मूल्य पर आज से गेहूं खरीदी का कार्य शुरू होगा। किसानों की सुविधा के लिए 91 खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। केंद्रों पर किसानों के बैठने, छाया, टेंट, पेयजल आदि की भी व्यवस्था की गई है। खरीदी केन्द्रों पर मुफ्त स्लॉट बुकिंग करने के लिए हेल्प डेस्क भी बनाई गई है।*

### मुफ्त स्लॉट बुकिंग करने के लिए बनाई है हेल्प डेस्क



कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर खरीदी के संबंध में नियम और निदेर्शों की जानकारी देने के लिए गेहू खरीदी से संबंधित सभी अधिकारी-कर्मचारी, खाद्य सहकारिता, वेयरहाउस, नागरिक आपूर्ति निगम, गोदाम संचालक अधिकृत एजेंसी के आउटसोर्स के सर्वेयर आदि की कार्यशाला आयोजित की गई थी। जिला उपार्जन समिति ने जिले में किसानों के लिए 91 केंद्र बनाए है जिसमें गोदाम पर 56, स्टील साइलो बरलाई 6, विभिन्न मंडी में 4 एवं समिति स्तर पर 25 केंद्र बनाए गए हैं। गेहूं खरीदी 15 मार्च से शासन के निर्देश अनुसार शुरू की जाएगी। पंजीकृत किसान अपनी सुविधा से किसी भी केंद्र पर अपना निःशुल्क स्टॉल बुक करवा कर अपनी उपज बैच सकेंगे। कलेक्टर के निर्देश है कि किसानों को भुगतान में किसी प्रकार का विलंब ना हो। खरीदी तौल होने के बाद तत्काल समिति प्रबंधक ऑपरेटर बिल बनाए। उसके बाद उसी समय ऑपरेटर द्वारा रेडी टू ट्रांसपोर्ट किया जाए। हैंडलिंग चालान या ट्रांसपोर्ट चालन बनाया जाए एवं सभी प्रक्रिया उसी दिन पूरी कर स्वीकृति पत्रक बनाने की कार्रवाई नागरिक आपूर्ति नियम वेयर हाउस कॉरपोरेशन द्वारा की जाए, किसानों को भुगतान की कार्रवाई जल्द से जल्द हो सकें। जिला उपार्जन समिति ने फील्ड में किसानों को बैठने की व्यवस्था, छाया, पेयजल, साफ-सफाई हेतु पंख छलने, क्लीनिंग मशीन, हम्माल तथा तौल के लिए पर्याप्त तौल कांटे आदि सुविधा रखी है। किसानों का भौतिक सत्यापन जिला स्तर से करने के साथ-साथ सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं कि नोडल अधिकारी जो केंद्र पर बनाए गए हैं, उनसे केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाओं का उपलब्ध सामग्री व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन तीन दिन में पूर्ण करवा कर पालन प्रतिवेदन जिला समिति को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

# शहर के आसपास के गांवों में पहुंची टीम, खाद्य विभाग ने लिए सैम्पल

### बाहर से आने वाले मावे की भी हो रही है जांच

गुड इवनिंग, इंदौर

कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। विभाग की टीम ने शहर के आसपास के गांवों में पहुंचकर कई संस्थान से सैम्पल लिए है, वहीं टीम बाहर से आने वाले मावे की भी जांच कर रही है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के एक दल ने फर्म ज्योतिराज डेयरी प्रा.लि., ग्राम ऑरगपुरा देपालपुर से घी के 3 एवं बटर का 1 सैम्पल लिया। टीम ने देपालपुर से जैन नमकीन भंडार से 3 प्रकार के नमकीन एवं जयश्री किराना से दालों के 3 सैम्पल जांच हेतू लिए है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के एक अन्य दल ने ज्योति इण्डस्ट्रीज, कैलोद करताल, ए.बी. रोड से नारियल खोपरा पैक के 3 सैम्पल, फर्म भैरूनाथ दूध डेयरी, द्वारकापुरी, फूटी कोठी, इन्दौर से दही, श्रद्धा दूध डेयरी, सेक्टर-सी प्रजापत नगर से गाय का दूध, लक्ष्मी दूध डेयरी द्वारकापुरी से मावा एवं मिश्रित दूध के सैम्पल एवं श्री गणेश स्वीट्स एण्ड नमकीन एयरपोर्ट रोड से बेसन लड्डू का सैम्पल, रतन चाट भंडार से मोतीचूर लड्डू एवं गुलाब जामुन का सैम्पल जांच हेतु लिए तथा साफ सफाई उपयुक्त नही पाए जाने पर एवं नमकीन के पैकेटों पर बैच नम्बर एवं दिनांक अंकित नहीं होने पर अधिनियम की धारा 32 के अन्तर्गत कार्रवाई की गई है। सभी सैम्पल को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है, जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। विभाग की टीम लगातार बस स्टेण्ड एवं रेलवे स्टेशनों एवं अन्य अनलोडिंग पॉईन्ट की भी जांच कर रही है। चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से स्पॉट जांच जिले के विभिन्न स्थानों पर की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का दल गंगवाल बस स्टैंड पर बसों से इंदौर जिले से बाहर से आने वाले मावा की भी जांच कर रहा है।

# मालवा-निमाड़ में रूफ टॉप सोलर का आंकड़ा पहुंचा 26600 पर

गुड इवनिंग, इंदौर

इंदौर शहर के साथ ही देवास, उज्जैन जिले में भी सौर ऊर्जा को लेकर व्यापक उत्साह देखा जा रहा हैं। मार्च महीने की स्थिति में मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र यानी मालवा निमाड़ में अब रूफ टॉप सोलर नेट मीटर का आंकड़ा 26600 तक पहुंच गया हैं।

कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि इंदौर मध्य शहर, सुपर कॉरिडोर, बायपास आदि क्षेत्रों में अब तक 14500 स्थानों पर रूफ टॉप सोलर नेट मीटर स्थापित हो चुके हैं। इंदौर शहर के बाद सबसे ज्यादा उज्जैन जिले में 2650 स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन हो रहा है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि देवास जिले में 1640 स्थानों पर, रतलाम जिले में 1130 स्थानों पर, खरगोन जिले में 1125 स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन हो रहा है। इसके अलावा अन्य जिलों में 80 से 750 स्थानों पर संयंत्रों के माध्यम से सौर ऊर्जा उत्पादन हो रहा है। प्रबंध निदेशक श्री सिंह ने बताया कि पीएम सूर्यघर में प्रति उपभोक्ता को पात्रतानुसार 78 हजार की अधिकतम सब्सिडी मिलने से प्रतिमाह 800 से 1200 बिजली उपभोक्ता रूफ टॉप सोलर नेट मीटर की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत प्रकरणों को समय पर निराकृत करने के आदेश हैं, प्रकरणों के निराकरण को लेकर कंपनी स्तर पर लगातार समीक्षा भी की जाती हैं।

## इंदौर अभिभाषक संघ चुनावः आज मतदान, यादव का बयान, नया इतिहास रचेगा

**इंदौर।** अभिभाषक संघ के चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मतदान आज होगा और उसी दिन परिणाम भी जारी कर दिए जाएंगे। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी लखन यादव यादव ने कहा कि उन्हें अधिवक्ताओं का पूरा सहयोग मिल रहा है और वे निश्चित रूप से बड़ी जीत हासिल करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए भरोसा जताया कि 15 अप्रैल को उनकी जीत ऐतिहासिक होगी।

# होली पर बिजली कंपनी का तोहफा, मिलेगा उच्च वेतनमान

गुड इवनिंग, इंदौर

**मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने होली के पूर्व पात्रतानुसार कर्मचारी-अधिकारियों को तय समय अवधि पूर्ण होने पर उच्च वेतनमान का तोहफा दिया हैं।**




कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के अनुमोदन के बाद 103 कार्मिको के नए वेतनमान संबंधी आदेश भी जारी किए गए हैं। मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि मार्च माह में होली के ठीक पहले लाभ प्राप्ति वाले इन कार्मिकों को दो हजार से लेकर आठ हजार रुपए प्रतिमाह का फायदा मिलेगा। इधर, कंपनी ने मप्र शासन के आदेश अनुसार पैंतीस वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर कार्मिको को चतुर्थ समय वेतनमान भी मंजूर किया हैं। जनवरी से लेकर मार्च तक कंपनी ने 800 कार्मिकों को उच्च वेतनमान मंजूर किया हैं। संयुक्त सचिव संजय मालवीय ने बताया कि इन कार्मिकों में अतिरिक्त मुख्य अभियंता, सहायक अभियंता, सिक्योरिटी गार्ड, सेक्शन ऑफिसर, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, लेखाधिकारी, टेस्टिंग असिस्टेंट, ड्राफ्टमेन, लाइन सुपरवाइजर, ग्रिड सुपरवाइजर, ज्वाइंट डायरेक्टर फायनेंस, स्टॉफ आफिसर आदि शामिल हैं। संयुक्त सचिव श्री मालवीय ने स्पष्ट किया हैं कि इन कार्मिकों को तय समय अवधि पूर्ण होने पर नया वेतनमान मंजूर किया गया हैं, इसका पदोन्नति से कोई संबंध नहीं हैं। इस बारे में कोई मांग या दावा स्वीकार्य योग्य नहीं होगा।

### देश से नक्सलवाद की समस्या को अगले वर्ष तक समाप्त करने का लक्ष्य रखा है केंद्रीय मंत्री शाह ने

# नक्सलियों को मिलकर ठिकाने लगाएगी मप्र, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ पुलिस

गुड इवनिंग, भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अगले वर्ष तक देश से नक्सलवाद की समस्या को समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। नक्सली मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ को एक जोन बनाकर अपनी गतिविधियां संचालित करते हैं। इस कारण तीनों राज्यों के पुलिस अधिकारी जल्द ही बैठक कर नक्सली समस्या को खत्म करने के लिए रणनीति बनाएंगे। आपस में खुफिया जानकारियां साझा की जाएंगी। मध्य प्रदेश में नक्सली गतिविधि की सूचना देने वालों के लिए पुरस्कार की राशि भी बढ़ाने की



तैयारी है। मध्य प्रदेश के लिए यह रणनीति इसलिए महत्वपूर्ण है कि यहां सक्रिय लगभग 70 नक्सलियों में तीन ही मूल रूप से मध्य प्रदेश के हैं। बाकी में अधिकतर छत्तीसगढ़ और कुछ महाराष्ट्र से आए हैं। प्रशिक्षण भी वह छत्तीसगढ़ या महाराष्ट्र में ही लेते हैं। दूसरी बात यह कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों को मारने, गिरफ्तार करने और आत्मसमर्पण कराने के लिए ताबड़तोड़ अभियान चल रहा है। ऐसे में आशंका यह रहती है कि कहीं उधर के नक्सली छुपकर मध्य प्रदेश में नहीं आ जाएं। ऐसे में अब सूक्ष्म स्तर पर रणनीति बनाने की तैयारी है।

### मध्य प्रदेश पुलिस की तैयारी

- खुफिया तंत्र को मजबूत करने कर्मचारियों की संख्या और बजट बढ़ाया जाएगा।
- पैरामिलिट्री फोर्स का भी सहयोग लिया जाएगा।
- नक्सल प्रभावित बालाघाट, मंडला और डिंडौरी जिलों में सड़कों का निर्माण, मोबाइल टावर लगाने, सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।
- आत्मसमर्पण कर चुके नक्सलियों के माध्यम से दूसरे नक्सलियों का भी समर्पण कराने का प्रयास किया जाएगा।

### इस तरह की बनेगी रणनीति

- नक्सल विरोधी आपरेशन में तीनों राज्य एक-दूसरे का सहयोग करेंगे।
- नक्सलियों के पास से जब्त साहित्य व सामग्री के बारे में जानकारी साझा करेंगे, जिससे दूसरे राज्यों को अपनी तैयारी रखने में मदद मिले।
- जोनल कमेटी के पदाधिकारियों की गिरफ्तारी होने पर संबंधित राज्य में जाकर उनसे पूछताछ कर सकेंगे।
- मुठभेड़ के बाद राज्यों की सीमाओं में चौकसी के बारे में जानकारी साझा करेंगे।

### पानी में नशे की दवा पिलाकर की हैवानियत

# ग्वालियर में नाबालिग को बंधक बनाकर किया सामूहिक दुष्कर्म

गुड इवनिंग, ग्वालियर

14 साल की नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दतिया के दो युवकों ने पानी में नशे की दवा मिलाकर पिलाने के बाद वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी के मुताबिक नाबालिग पीड़िता वेडिंग इवेंट का काम करती है। कुछ दिन पहले एक मैरिज गार्डन में दतिया के दो युवकों ने दोस्ती कर उसका मोबाइल नंबर लिया था। शादी फंक्शन में युवकों ने उसे रात 1.30 बजे घर छोड़ने के लिए लिफ्ट ऑफर की। रास्ते में उसे पानी पीने के लिए दिया। पानी पीते ही वह बेहोश होने लगी। इसके बाद दोनों युवक उसे दतिया में एक सुनसान घर में ले गए। आसपास जंगल सा माहौल था। रात भर यहां बंधक बनाकर दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। सुबह जब पीड़िता को होश आया तो उसे धमकाते हुए ग्वालियर छोड़ गए। वारदात झांसी रोड के परिणय वाटिका के बाहर की है। पुलिस ने नाबालिग पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। माधौगंज निवासी नाबालिग ने झांसी रोड थाना पहुंचकर शिकायत की। बयान में उसने बताया कि वह इवेंट का काम करती है। वह एक मैरिज गार्डन में इवेंट के काम पर गई थी। रात 11 बजे वहां प्लेट काउंटर के पास एक लड़का आया। उसने मुझसे मेरा नाम पूछा और मोबाइल नंबर पूछा। अपना नाम अंशुल अग्रवाल निवासी दतिया बताया। इसके बाद उससे मेरी दो से तीन बार बातचीत होने लगी।



### घर तक छोड़ने के लिए लिफ्ट ऑफर की

पीड़िता ने बताया कि झांसी रोड में एक मैरिज गार्डन में मैं इवेंट के के लिए आई थी। यहां अंशुल का दो से तीन बार कॉल आया। उसका कहना था कि रात ज्यादा हो जाए और टैक्सी न मिले तो वह उसे कॉल कर सकती है। वो मुझे घर तक छोड़ देगा। रात करीब डेढ़ बजे अंशुल अपने दोस्त अवनीश पंडित के साथ आया और उसे घर तक छोड़ने के लिए लिफ्ट ऑफर की। बाइक पर नाबालिग को बैठाकर दोनों आरोपी स्टेशन बजरिया के एक रेस्टोरेंट में ले गए। यहां पर उन्होंने खाना खाया और उसे बोतल में पानी पीने के लिए दिया। पानी पीते ही वह बेहोश होने लगी। जिस पर उसने घर छोड़ने के लिए कहा। दोनों युवक उसे घर छोड़ने की कहकर हाईवे से होते हुए दतिया ले गए। वहां एक सुनसान इलाके में स्थित मकान में ले गए। यहां फिर पानी पीने के लिए दिया तो वह और ज्यादा बेहोश होने लगी। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। वह बेहोश हो गई तो उसे कमरे में बंद कर चले गए।

### धमका कर नानी के घर के पास छोड़कर भाग गए

सुबह जब नाबालिग को होश आया तो उसकी हालत खराब थी। इसी बीच आरोपी वहां आ गए। उसने विरोध किया तो मारपीट की। इसके बाद धमका कर वह उसे उसकी नानी के घर के पास छोड़कर चले गए। उस समय वह डर और इज्जत के चलते चुप रही। परिजन ने पूछा तो उसने अपने साथ घटी घटना उन्हें बताई और शुक्रवार को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले में झांसी रोड थाना प्रभारी मंगल सिंह पपोला का कहना है कि नाबालिग की शिकायत पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। दो आरोपी हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

## नाबालिग बहन के साथ दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

भोपाल। भोपाल के निशातपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली तीन नाबालिग बहनों को पहले पिता, फिर मां ने साथ छोड़ दिया। माता-पिता के साथ छोड़ने के कारण बहनों को बच्चों के एक आश्रय स्थल में रखा गया, जहां विवाद के बाद उन्हें भाई को सुपुर्द कर दिया गया। इसके बाद तो भाई दरिंदा बन गया और जब मौका मिलता, अकेला पाता वह छोटी बहन के साथ हैवानियत करने लगा। आरोपी ने रिश्तों को कलंकित करते हुए कई बार नाबालिग बहन की आबरू लूटी। पीड़िता की दादी को घटना पता चली तो उसने पुलिस ने प्रकरण दर्ज कराया। अब भोपाल जिला अदालत ने दरिंदे भाई को नाबालिग बहन से दुष्कर्म के मामले में 20 साल की सजा सुनाई जानकारी के अनुसार 15 वर्षीय किशोरी माता-पिता के साथ निशातपुरा थाना क्षेत्र में रहती थी। घर में उसके अलावा बड़ा भाई और दो छोटी बहनें थीं। वर्ष 2023 में माता-पिता में विवाद हुआ और पिता उसकी मां को छोड़कर चला गया। कुछ दिन मां ने पिता का इंतजार किया, इसके बाद मां ने तीनों बहनों को अनाथ आश्रम नित्य सेवा सोसायटी को सौंपकर वह भी चली गई। पीड़िता अपनी दो छोटी बहनों के साथ सोसायटी में रहने लगी। चूंकि वह अनाथ आश्रम में नई-नई थी, इसलिए कुछ दिनों बाद ही उसका विवाद वार्डन से हो गया। इसके बाद वार्डन ने उसके परिजनों से संपर्क किया। कुछ दिन बाद उसका बड़ा भाई मिलने पहुंचा तो सोसायटी ने उसके द्वारा विवाद करने का हवाला देकर उसे भाई के साथ भेज दिया। चूंकि माता-पिता दोनों के जाने के बाद बड़ा भाई अकेले रह रहा था, इसलिए वह बहन को निशातपुरा थाना क्षेत्र में ही रहने वाली दादी के यहां छोड़ दिया। इसके बाद पीड़िता दादी के साथ रहने लगी। 8 जून 2023 को किशोरी का भाई उससे मिलने आया तो दादी घर पर नहीं थी। इसके बाद युवक ने सगी बहन के साथ दुष्कर्म किया और धमकी देकर किसी को नहीं बताने को बोलकर चला गया। इसके बाद तो भाई की लत लग गई और आए दिन आता और जब दादी घर के अंदर नहीं होती तो वह छोटी बहन के साथ दरिंदगी करता और चला जाता।

**व्यवहार बदला तो दादी को पता चला**- आए दिन दरिंदगी का शिकार होने के कारण पीड़ित किशोरी का व्यवहार बदलने लगा। वह सहमी-सहमी रहने लगी। बात-बात पर झल्लाने लगी। इसके बाद दादी को पता चला कि बच्ची के साथ दरिंदगी हो रही है। इसके बाद दादी ने निशातपुरा थाने जाकर पीड़िता के भाई के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कराया। भोपाल जिला अदालत ने पीड़िता के बयान, साक्ष्यों व पुलिस की विवेचना के आधार पर दरिंदे सगे भाई को 20 वर्ष कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। शासन की ओर से लोक अभियोजन अधिकारी दिव्या शुक्ला और ज्योति कुजूर ने पैरवी की थी।

## पिता ने मोबाइल नहीं सुधरवाया तो बेटे ने लगा ली फांसी

गुड इवनिंग, भोपाल

भोपाल के ऐशबाग क्षेत्र में 18 वर्षीय साद खान ने नया मोबाइल न मिलने से नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता ने आर्थिक तंगी के चलते मोबाइल ठीक कराने के लिए समय मांगा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी, जबकि पिता सदमे में हैं।

ऐशबाग थाना पुलिस के अनुसार साद खान पुत्र सईद खान (18) बाग फरहत अफजा की ओकाफ कॉलोनी में रहता था। वह कक्षा 12वीं पास हो चुका है, लेकिन इस वर्ष कॉलेज में प्रवेश नहीं लिया। बीते चार-पांच दिन पहले उसका मोबाइल चार्ज नहीं हो रहा था। दुकान में दिखाने ले गया तो मैकेनिक ने चार्जिंग प्वाइंट के साथ कुछ और गड़बड़ी बताकर लंबा खर्च बता दिया। इसके बाद वह पिता से कहा कि पैसे दो दो मोबाइल सुधरवाना है। नहीं तो नया मोबाइल दिलवा दो। पिता ने कहा कि इस पुराने मोबाइल में बनवाने में भी ज्यादा पैसे खर्च हो रहे हैं, अभी ईद का त्यौहार आने वाला है। ऐसे में आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि मैं तुम्हारा मोबाइल सुधरवा सकूं। कुछ दिन रुको, स्थिति ठीक होते ही नया मोबाइल भी दिलवा सकता हूं। लेकिन साद जल्दी मोबाइल ठीक कराने की जिद पर अड़ा हुआ था।

### नया मोबाइल नहीं दिलाने से था नाराज

परिजनों ने बताया कि पिता सईद ने नया मोबाइल दिलाने से इंकार कर दिया था और पुराना मोबाइल सुधरवाने के लिए समय मांगा था। लेकिन साद नया मोबाइल ही मांग रहा था। गुरुवार को वह सुबह परिजनों के साथ जगा और सेहरी करने के बाद छत पर जाकर पतंग उड़ाई। इसके बाद अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद परिजनों ने देखा तो वह किचन में फंदे पर लटका हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मोबाइल मामले के साथ अन्य सथी बिंदुओं पर भी जांच कर रही है।

## केरल मूल की 150 भोपाली महिलाओं ने देवी के लिए खीर बनाई

गुड इवनिंग, भोपाल

केरल के विश्व प्रसिद्ध अट्टुकल मंदिर, तिरुवनंतपुरम में आयोजित अट्टुकल पोंगाला महोत्सव का आयोजन मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित अय्यप्पा मंदिर में भी किया गया। 150 महिलाओं ने ईंट के चूल्हों पर खीर बनाई। श्रद्धालु महिलाओं ने एक साथ देवी की आराधना की और पायसम अर्पित किया।

**यह महोत्सव गिनीज बुक में दर्ज है**- यह त्योहार दुनिया में महिलाओं की सबसे बड़ी धार्मिक सभा के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। पोंगाला का अर्थ है 'उबालना'। इस अनुष्ठान में महिलाएं चावल, गुड़, नारियल और केले को मिलाकर खीर बनाती हैं। इस खीर को देवी या 'भगवती' को अर्पित किया जाता है। यह विशेष अनुष्ठान केवल महिलाएं ही कर सकती हैं। माना जाता है कि इससे 'अट्टुकलम्मा' देवी प्रसन्न होती हैं।

**भंडारा भी हुआ**- राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मंदिर समिति ने भंडारे का भी आयोजन किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ. एस ए पिल्लई, सचिव जी वी के नायर सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। विनम्र अनुरोध कृपया हमें गूगल न्यूज पर फॉलो करें। सबसे तेज अपडेट प्राप्त करने के लिए टेलीग्राम चैनल सब्सक्राइब करें एवं हमारे व्हाट्सएप कम्युनिटी ज्वॉइन करें। इन सबकी डायरेक्ट लिंक नीचे स्क्रॉल करने पर मिल जाएंगी।

## वंदे भारत ट्रेन में खाना-नाश्ता के अलावा चिप्स कोल्ड ड्रिंक व अन्य पैक्ड उत्पादन भी परोसने की तैयारी

गुड इवनिंग, भोपाल

देश में जब से वंदे भारत लॉन्च हुई है, तभी से यात्रियों के लिए सफर और आसान हुआ है। कम समय में यात्री वंदे भारत ट्रेन के जरिए लंबी दूरी आराम से तय कर लेते हैं। वहीं अगर वंदे भारत की सुविधाओं में और इजाफा हो तो यह किसी सोने पर सुहागा से कम नहीं होगा। आईआरसीटीसी ने ऐसा ही कुछ नया अपनी वंदे भारत ट्रेनों में किया है, यह सुविधा अभी एक रूट पर शुरू की गई है, जो जल्द ही पूरे देश में दी जाएगी। इसके साथ ही मध्य प्रदेश के चार रूटों पर यह सुविधा भी जल्द शुरू होगी।

**वंदे भारत में मिलेंगे पैक्ड आइटम**- जी हां, आपने सही सुना है, वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। अब सफर के दौरान आपकी सुविधाओं में और भी इजाफा किया गया है। जी हां ट्रेन में नाश्ता के अलावा पैक्ड आइटम भी रखे गए हैं। अगर आप बाहर का चटपटा खाने के शौकीन हैं, तो वंदे भारत एक्सप्रेस ने आपकी इस समस्या का हल कर दिया है। आईआरसीटीसी यानि भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन ने यह सुविधा यात्रियों के अच्छे के लिए शुरू की है। बता दें पहले से बुक किए गए खाने के साथ-साथ अब वेंडर ट्रॉली के जरिए यह एक्स्ट्रा सुविधा भी मिलेगी। लिहाजा आप अपनी मनचाही चीजें खरीद सकते हैं।



### एमपी के इन रूटों पर शुरू होगी सुविधा

आपकी जानकारी के लिए बता दें यह सुविधा सबसे पहले गोरखपुर रूट पर शुरू की है, लेकिन जल्द ही इसे मध्य प्रदेश के चार रूट पर शुरू किया जाएगा। भोपाल से दिल्ली वंदे भारत, इंदौर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, भोपाल रीवा वंदे भारत एक्सप्रेस, खजुराहो नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस में शुरू की जाएगी। अभी तक यात्रियों को टिकट बुकिंग के समय नाश्ता और खाना बुक करना पड़ता था, लेकिन ट्रॉली वेंडर के जरिए दूसरी खीने-पीने की चीजें खरीदी जा सकेंगी। इस सुविधा का फायदा यह होगा कि, अगर किसी यात्री ने खाना नहीं खाना चाहता तो वह पैक्ड आइटम के जरिए अपनी भूख मिटा सकता है।

### वंदे भारत में मिलेगा चिप्स, कोल्ड ड्रिंग और बिस्किट

वहीं इस सुविधा के बारे में भोपाल रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि रेलवे बोर्ड वंदे भारत ट्रेनों में यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में अब वंदे भारत ट्रेन में खाना और नाश्ता के अलावा चिप्स कोल्ड ड्रिंक व अन्य पैक्ड उत्पादन भी परोसने की तैयारी की जा रही है। इसकी शुरूआत गोरखपुर अयोध्या लखनऊ वंदे भारत से की जा रही है।रबता दें इससे पहले एक और नियम में रेलवे प्रशासन ने छूट दी थी, जो खाना बुकिंग को लेकर थी। इसमें अगर किसी यात्री ने पहले खाना प्री बुक नहीं किया है, तो वह अब सफर के दौरान खाना खरीद सकता है। यह सुविधा यात्रियों की सहूलियत के लिए दी गई है।

### इंग्लैड के नंबर से आया कॉल और लालच में गंवाए रुपए

# सेना के मेजर से 14 लाख से अधिक की ठगी

गुड इवनिंग, भोपाल

**राजधानी भोपाल के बैरागढ़ स्थित श्री ईएमई सेंटर में पदस्थ सेना के एक मेजर को इंग्लैड के मोबाइल नंबर से वॉट्सएप पर कॉल आई और साइबर जालसाजों ने शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 14 लाख से अधिक की ठगी कर ली। ठगी का एहसास होने के बाद फरियादी मेजर ने पुलिस में शिकायत की। जांच के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि जालसाजों ने तकनीक का उपयोग कर आईपी एड्रेस छिपाने के लिए कॉल किया था।**

भोपाल साइबर सेल के अनुसार 35 वर्षीय आशीष चौधरी पिता कुलदीप राज श्री ईएमई सेंटर बैरागढ़ मं मेजर हैं। वे मूलतः पंजाब प्रांत के पठानकोट के रहने वाले हैं। अप्रैल 2024 में उनको एक वॉट्सएप कॉल इंग्लैंड के नंबर से आई। इसके बाद वॉट्सएप पर एक ग्रुप में जुड़ने की लिंक आई। लिंक के जरिए जब से वॉट्सएप ग्रुप में जुड़ गए तो उन्हें शेयर मार्केट में निवेश करने पर भारी मुनाफे के मैसेज आने शुरू हो गए। इसके बाद वे ग्रुप में आए मैसेज के आधार पर एक एप डाउपलोड कर लिया और उसके जरिए 24 लाख रुपए शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ट्रांसफर कर दिए। जालसाजों ने भरोसा जीतने के लिए 10 लाख रुपए वापस कर दिए। इसके बाद मेजर आशीष का जालसाजों पर भरोसा हो गया और उन्हें लगा कि मैं सही शेयर मार्केट में पैसे लगा रहा हूं।




### आईपीओ के नाम पर और पैसे मांग रहे थे जालसाज

14 लाख रुपए फरियादी के आईपीओ आवंटन में लगाने का जालसाजों ने झांसा दिया। जब आईपीओ नहीं मिला तो मेजर अपना पैसा वापस निकालने का प्रयास करने लगे, जिसमें वे सफल नहीं हो सके। इसके बाद वे जिस एप के जरिए उन्होंने निवेश किया था, उसके कथित संचालकों से संपर्क किया तो उन्हें बताया गया कि आपको 60 लाख रुपए का आईपीओ शेयर आवंटित किया गया है। आप और पैसा दीजिए आपको करोड़ों का फायदा होगा। इसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने साइबर सेल में शिकायत कर दी।

### पुलिस ने कहा- ज्यादा मुनाफे के लालच में जमा पूंजी न गंवाएं

पुलिस उप-आयुक्त क्राइम ब्रांच व साइबर सेल अखिल पटेल ने कहा कि साइबर जालसाज मोटे मुनाफे का लालच देकर ठगी का शिकार बनाते हैं। फर्जी एप के जरिए अच्छा रिटर्न का ऑफर देकर साइबर जालसाज ठगी करते हैं। इसके साथ ही शेयर ट्रेडिंग की रजिस्टर्ड संस्थाओं की मिलती-जुलती वेबसाइटें बनाकर भी साइबर जालसाज ठगी करते हैं। ऐसे निवेश ऑफरों से लोगों को सावधान रहना चाहिए, जिसमें कम समय में मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया जा रहा हो। लोगों को निवेश कराने वाली संबंधित कंपनी, फर्म और एप के बारे में पुख्ता जानकारी लेने के बाद ही पैसे इन्वेस्ट करना चाहिए। साइबर क्राइम और स्टेट साइबर क्राइम समय-समय पर लोगों को जागरूक करने के लिए एडवाइजरी जारी करती रहती है। जो भी ठगी की शिकायतें आती हैं, जल्दी प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जाती है।

# खेत में खड़ी गेहूं की फसल आग से हुई खाक

## नेमावर क्षेत्र के गुराड़िया फाटे के पास हादसा, फायर ब्रिगेड में धक्का लगाते रहे लोग



**देवास।** देवास जिले के नेमावर क्षेत्र के गुराड़िया फाटे के पास शुक्रवार को किसान की खड़ी गेहूं की फसल में भीषण आग लग गई। जिससे करीब 7 से 10 एकड़ की फसल जलकर खाक हो गई। फसल जलने से किसान को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि, आग बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है। आग लगते ही स्थानीय किसानों ने बोरिंग चालू किए और ट्रैक्टरों से पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पाने की कोशिश की। इधर, खेत में आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। लेकिन, मौके पर पहुंचने से पहले वह खराब हो गई। इस दौरान लोग फायर ब्रिगेड को धक्का लगाते हुए नजर आए, जिससे नगर परिषद की कार्यशैली पर भी सवाल उठे। इधर, ग्रामीण आग बुझाने के प्रयास में जुटे रहे। ट्रैक्टरों से पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन उस पर काबू नहीं पाया जा सका। कुछ देर बाद नगर निगम की दूसरी फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

**किसान को लाखों का नुकसान-**गेहूं की फसल जलने से किसान को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। प्रशासन द्वारा आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है।

### राजगढ़ जिले से बढ़ते भूसे के कारोबार पर होना चाहिए कार्रवाई

# समय रहते नहीं रुका भूसे का परिवहन तो बढ़ेगी गौशाला की परेशानी

गुड इवनिंग, सारंगपुर

इस बार अधिक गेहूं बोए जाने के कारण जितना भूसा हुआ है, उसमें से ज्यादातर का परिवहन बाहर हो रहा है। ऐसे में यदि भूसे का परिवहन नहीं रोका गया तो गोशालाओं में भारी परेशानी का सामना करना पड सकता है और गोवंश भूखे मरने पर मजबूर होगा। इसके साथ ही पशु पालकों के सामने भी बडा संकट खडा हो जाएगा। इस बार सामान्य के आसपास वर्षा के कारण क्षेत्र में ज्यादातर किसानों ने गेहूं फसलों की पैदावार ली है, जिससे गेहूं के रकबे बढोत्तरी आई है। ब्लाक में गेहूं का रकबा बढ रह गया है। इसके बाद भूसा परिवहन पर रोक न होने से क्षेत्र के खेतों से व्यापारी भूसा खरीदकर जिले से बाहर ले जाने और स्टॉक करने में जुटे है। इससे सीजन में भी पशु पालकों को 600 से 700 रुपए प्रति क्विंटल भूसा खरीदना पड रहा है। यही हालात रहे तो बारिश के दिनों में पशु पालकों को भूसा और दाम दोनों को लेकर मुश्किलों का सामना करना पड सकता है।



**गत वर्ष आई थी परेशानी-** गौरतलब है की पिछले वर्ष भी भूसा बाहर जाने के कारण प्रति ट्राली दो हजार से लेकर तीन हजार रुपए ट्राली तक भूसा खरीदना पडा था, लेकिन प्रशासन ने इससे सबक नहीं लिया और इस वर्ष भी धडल्ले से भूसे का परिवहन जारी है। हालात यह है कि इस सीजन में भूसा खरीदने के लिए भूसा व्यापारियों के लोग गांव-गांव घूम रहे हैं।

**क्षेत्र में घूम रहे भूसा व्यापारी-**हार्वेस्टर से फसल कटाई करवाने के बाद व्यापारी खुद व खुद किसानों से नरवाई का भूसा ठेके में निकलवा कर ले जाते हैं। इसके कारण भूसा का स्थानीय स्तर पर स्टॉक ज्यादा नहीं हो पाता है। वहीं दाम ज्यादा हो जाने के कारण किसान भी व्यापारियों को भूसा बेच देते हैं। गांव के लोग आपनी गाय भैंसों के लिए तो भूसा का स्टॉक कर लेते हैं लेकिन समस्या उन पशु पालकों को आती है जो बाजार से भूसा खरीदकर खिलाते है। इसी तरह गो शालाओं में भारी संकट का सामना करना पड सकता है। भूसे के परिवहन पर सख्त कार्रवाई न होने से रोजाना दर्जनों ट्रॉली भूसा बाहर जा रहा है।

#### मवेशियों पर गहराएगा संकट

ज्ञात हो कि क्षेत्र के कई किसान गोशालाओं में भूसा ट्रॉली दान भी कर देते थे, लेकिन इस बार ऐसा होता कम ही दिखाई दे रहा है, जिससे गोशाला के मवेशियों पर पेट भरने का संकट आ सकता है। समय रहते यदि प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और भूसे का परिवहन सख्ती से नहीं रोका गया तो आने वाले दिनों में भारी परेशानी झेलना पड सकती है।

#### कार्रवाई करेंगे

अगर कोई भी नियम विरुद्ध भूसे का परिवहन करते पाया जाता है तो कार्रवाई करेंगे।

**-आकाश शर्मा**, तहसीलदार, सारंगपुर।

# लायंस क्लब सारंगपुर ने मनाया फाग महोत्सव



गुड इवनिंग, सारंगपुर

लायंस क्लब सारंगपुर की महिला सदस्यों द्वारा फाग उत्सव मनाया गया। जिसमें उपस्थित महिलाओं ने गीत संगीत एवं भजनों के साथ एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। लायंस क्लब अध्यक्ष लायन प्रभा पालीवाल के निवास पर आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में क्लब के ही ममता शर्मा, अंजलि जोशी, पुष्पलता सोलंकी, मधु चौहान, सुरभि चौहान तथा नगर की ग्यारस मंडल की अन्य महिलाएं उपस्थित थी। इस अवसर पर क्लब की महिला सदस्यों ने सभी से होली का त्यौहार कैमिकल रहित रंगों से मनाने की अपील की है।

# लकड़ी चोर मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार



**खातेगांव।** वन विभाग की टीम ने गश्त के दौरान कांटाफोड़ से बिजवाड़ मार्ग पर बाइक से अवैध रूप से सागौन की लकड़ी ले जाते एक आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों ने अपने नाम लक्की पिता नर्मदा प्रसाद, जितेंद्र पिता नर्मदा प्रसाद निवासी जानसुर एवं बबलू पिता आत्माराम निवासी हीरापुर बताया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। कार्रवाई में डिप्टी रेंजर भागीरथ टाटु, मुकेश तिवारी, विजय सोनी, वनरक्षक कमलेश प्रजापति, हरिप्रसाद गवली, चंदन मंडलोई, सचिन जोशी एवं स्थाई कर्मी राजू वर्मा ,सुरक्षा श्रमिक एवं वाहन चालक का सराहनीय सहयोग रहा।

# बाबा महाकाल के दरबार पहुंचे अभिनेता अर्जुन रामपाल



**उज्जैन।** फिल्म अभिनेता अर्जुन रामपाल शनिवार सुबह कालों के काल बाबा महाकाल के दरबार में भस्म आरती के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने भस्म आरती में बाबा महाकाल के निराकार से साकार स्वरूप के दर्शन किए और उनकी भक्ति में लीन रहे। महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित आकाश गुरु ने बताया कि अभिनेता अर्जुन रामपाल ने करीब 2 घंटे तक बाबा महाकाल की भस्म आरती के दर्शन नंदी हॉल से किए। इसके बाद उन्होंने चांदी द्वार पर पहुंचकर बाबा महाकाल का पूजन-अर्चन और जलाभिषेक किया। पूजन के दौरान अर्जुन रामपाल ॐ नमः शिवाय और जय श्री महाकाल का जाप किया। उन्होंने मस्तक पर तिलक लगवाया और जय श्री महाकाल का दुपट्टा भी पहना। दर्शन के बाद उन्होंने नंदी जी के कानों में अपनी मनोकामना भी कही।

# दिनचर्या में लेना चाहिए संतुलित आहार

## सारंगपुर में माहेश्वरी महिला संगठन की 'कैंसर से जंग जीतेंगे हम' कार्यशाला आयोजित



गुड इवनिंग, सारंगपुर

माहेश्वरी महिला संगठन सारंगपुर द्वारा स्थानीय राठी मांगलिक परिसर में कैंसर अवेयरनेस पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ डॉक्टर सरिता यादव द्वारा कैंसर रोग से बचाव के तरीके बताए गए। सभी आवश्यक सावधानिया, नियमित जांच और निदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ सरिता याद ने बताया कि हमें हमारी दिनचर्या में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त पानी, तनाव मुक्त जीवन और पूर्ण नींद लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल मैमोग्राफी, स्क्रीनिंग, सोनोग्राफी आदि जांच से बीमारी का समय रहते पता चल जाता है और उसका जल्दी से इलाज कर निदान किया जा सकता है। अविवाहित लडकियों के लिए कैंसर से बचाव के वैक्सीन उपलब्ध हो गए हैं। विशेष कर सर्वाइकल कैंसर का टीका लगवाकर इस कैंसर से भी बचा जा सकता है। महिलाओं में अक्सर ब्रेस्ट कैंसर या बच्चेदानी का कैंसर की संभावनाएं ज्यादा रहती है। अगर शरीर में हल्की सी भी गांठ पाई जाती है, तो उसे छुपाये नहीं। अब कैंसर कोई लाईलाज बीमारी नहीं है। अपना आत्मविश्वास बनाए रखें।संकल्प शक्ति और उचित



इलाज, बीमारी से जूझने की इच्छा शक्ति हो तो निश्चित रूप से हम कैंसर को हरा सकते हैं। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज की महिलाओं के अतिरिक्त पाटीदार, जैन व चौरसिया समाज की जागरूक महिलाओं ने भी शामिल होकर कार्यशाला का लाभ उठाया। उक्त जानकारी अनुकृति राठी ने दी।

# नेमावर क्षेत्र में 21 करोड़ रुपए में तैयार हो रहा जलशोधन संयंत्र

## जल प्रदाय परियोजना का कार्य प्रगति पर, दूर होगा पानी का संकट

गुड इवनिंग, खातेगांव

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम, मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा देवास जिले के नेमावर में जल प्रदाय परियोजना का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत नेमावर क्षेत्र में शुद्ध जल आपूर्ति के लिए अत्याधुनिक जल शोधन संयंत्र का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना की लागत लगभग 21 करोड़ रुपए है।

नेमावर में जल को शुद्ध करने के लिए 2.21 मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) क्षमता का जल शोधन संयंत्र निर्माणाधीन है। यह संयंत्र क्षेत्र की जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके अलावा, जल के संग्रहण के लिए 100 किलोलीटर और 500 किलोलीटर क्षमता के दो ओवरहेड टैंक भी बनाये जा रहे है। इनका निर्माण तेज गति से चल रहा है। नेमावर के साथ-साथ खातेगांव नगर परिषद क्षेत्र में नर्मदा जल की आपूर्ति के लिए नर्मदा तट पर नवीन इंटेक वेल का निर्माण भी तेज गति से जारी है। प्रत्येक घर तक शुद्ध जल पहुँचाने के लिए लगभग 37 किलोमीटर लंबी जल वितरण लाइन बिछाई जा रही है, जिसमें से अब तक 13 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। इस योजना से करीब 1200 घरों को नल जल कनेक्शन दिए जाने हैं। इनमें से 576 घरों को कनेक्शन दिये जा चुके है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद नेमावर के लगभग 6 हजार से अधिक निवासियों को शुद्ध और सुरक्षित जल की आपूर्ति होगी। नेमावर परियोजना को एशियन डेवलपमेंट बैंक की



सहायता पूरा किया जा रहा है। परियोजना के संचालन और संधारण के साथ इसकी कुल लागत लगभग 21 करोड़ रुपये है। परियोजना के पूरा होने के बाद, नेमावर के निवासियों को शुद्ध जल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जो उनके स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार लाएगी।

# मुंबई से दिल्ली तक पांच दिन रखा डिजिटल अरेस्ट, बुजुर्ग महिला से ऐंठे 29 लाख

एजेंसी



**मुंबई। अब ज्यादातर साइबर ठग बुजुर्गों को निशाना बना रहे हैं। हाल ही में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को धनशोधन के मामले में फंसाने की धमकी देकर मुंबई से दिल्ली तक पांच दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रखा। इस दौरान जालसाजों ने महिला को धमकाकर उसकी दो एफडी तुड़वाई और 29.10 लाख रुपये अलग-अलग बैंक खातों में जमा करा लिए। जालसाजों के तीसरी बार रुपये मांगने पर महिला को ठगी का अहसास हुआ और उसने रोहिणी साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई।**

पीड़िता आशा वाधवानी के पति भगन दास का पिछले साल निधन हो चुका है। वह रोहिणी सेक्टर 24 स्थित फ्लैट में अकेले रहती हैं। पीड़िता ने बताया कि वह बीते साल पांच दिसंबर को मुंबई में रहने वाली अपनी मां के पास कुछ दिनों के लिए गई थीं। इसी दौरान 13 दिसंबर को उनके मोबाइल पर अंजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को पुलिस अधिकारी बताया। जालसाज ने महिला को बताया कि उनके आधार नंबर का इस्तेमाल धनशोधन में किया गया है। इसके बाद शख्स ने महिला से अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए कहा। ऐसा नहीं करने पर केस दर्ज करने की धमकी दी।ठगों ने पीड़िता आशा वाधवानी से फोन पर बात करते समय 9 नंबर दबाने को कहा। इसके बाद एक अन्य नंबर से व्हाट्सऐप वीडियो कॉल आई। इसमें शख्स की आवाज सुनाई दे रही थी, लेकिन वह दिख नहीं रहा था। ठग ने जांच के नाम पर महिला से उनकी संपत्ति का ब्योरा मांगा तो उन्होंने 3.8 लाख और 25.3 लाख रुपये की दो एफडी की जानकारी दी। ठगों ने 17 दिसंबर को फिर बुजुर्ग महिला को फोन किया और उनसे 3.8 लाख रुपये की एफडी को कैश कराकर अपने बताए बैंक खाते में जमा कराए।

पीड़िता ने बताया कि 18 दिसंबर को ठगों ने दोबारा वीडियो कॉल किया। फिर दूसरी एफडी की रकम को भी अपने बताए बैंक खाते में जमा करने को कहा, लेकिन कागजी कार्यवाही की वजह से वह एफडी मुंबई से कैश नहीं हो सकती थी। ऐसे में पीड़िता आनन-फानन में 19 दिसंबर को मुंबई से दिल्ली पहुंची। बैंक में जाकर 25.3 लाख की एफडी तुड़वाकर रकम को ठगों के बताए खाते में जमा करा दिया। पीड़िता ने बताया कि मुंबई पहुंचने पर फिर ठगों ने वीडियो कॉल कर और रुपये की मांग की। इसके बाद महिला को शक हुआ, तो उन्होंने अपने दामाद को घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। इसके बाद रोहिणी साइबर थाने में ठगी की एफआईआर दर्ज कराई गई।

# लॉन्च से चंद घंटे पहले झटका: सुनीता विलियम्स को लेने जा रहा नासा का मिशन स्थगित

एजेंसी



**वॉशिंगटन**। नासा ने बुधवार को नासा-स्पेसएक्स क्रू-10 मिशन को स्थगित करने की घोषणा की। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान इन अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने के लिए तैयार किया गया था। क्रू-10 मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को आईएसएस भेजा जाना था, और वापसी में सुनीता विलियम्स और विल्मोर को लाना था। यह मिशन 12 मार्च 2025 को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए लॉन्च होने वाला था, लेकिन लॉन्च पैड पर हाइड्रोलिक्स से संबंधित समस्या के कारण इसे स्थगित कर दिया गया।

इससे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे दो अंतरिक्ष यात्रियों, सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर की वापसी में देरी हो गई है। यह मिशन इन दोनों अंतरिक्ष यात्रियों के स्थान पर एक नई टीम को भेजने के लिए निर्धारित था, लेकिन लॉन्च से चार घंटे पहले इंजीनियरों को रॉकेट के एक महत्वपूर्ण हाइड्रोलिक सिस्टम में खराबी मिली। जानकारी के मुताबिक, रॉकेट की लॉन्चिंग से ठीक पहले, तकनीशियन ग्राउंड हाइड्रोलिक सिस्टम की जांच कर रहे थे। यह प्रक्रिया रॉकेट को लॉन्च पैड पर सुरक्षित रखने वाले दो में से एक आर्म को रिलीज करने के लिए आवश्यक होती है। नासा के लॉन्च कमेंटेटर डेरोल नेल ने बताया, यह समस्या ग्राउंड साइड हाइड्रोलिक सिस्टम में थी, जबकि रॉकेट और स्पेसक्राफ्ट पूरी तरह ठीक थे। लॉन्च कैप्सूल में बैठ चुके चारों अंतरिक्ष यात्रियों को अंतिम निर्णय के लिए इंतजार करना पड़ा। लॉन्च काउंटडाउन के एक घंटे से भी कम समय शेष रहते स्पेसएक्स ने मिशन को टालने का फैसला लिया। हालांकि, अभी नई लॉन्च तारीख की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन कंपनी ने संकेत दिया कि अगला प्रयास गुरुवार रात तक हो सकता है। क्रू-10 के अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने के बाद, वहां पहले से मौजूद दो अंतरिक्ष यात्रियों झ्र सुनीता विलियम्स और बट्च विलमोर झ्र को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू होगी। दोनों पिछले साल जून में आईएसएस पहुंचे थे, लेकिन बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल में तकनीकी गड़बड़ी के कारण उन्हें अतिरिक्त समय तक स्टेशन पर रहना पड़ा।

# देश की आत्मा कैंसर से ग्रस्त है और आरएसएस इसे फैला रहा: तुषार

एजेंसी



**नई दिल्ली**। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पोते तुषार गांधी ने एक कार्यक्रम में आरएसएस यानी राष्ट्रीय स्वयं सेवक को कैंसर फैलाने वाला बताया। तुषार की इस टिप्पणी के बाद से ही संघ कार्यकर्ता उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इधर, तुषार गांधी भी अपने बयान पर अड़े हैं और संघ उनके बयान को वापस लेने और माफी मांगने की बात कर रहा है।


मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गांधीवादी गोपीनाथन नायर की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में केरल के तिरुवनंतपुरम जिले के नेयट्टिनकारा में जमकर बवाल हुआ। उस दौरान तुषार के बयान को लेकर संघ के कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम नायर के आवास टीबी जंक्शन पर हो रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक तुषार गांधी ने कहा था कि देश की आत्मा कैंसर से ग्रस्त है और संघ परिवार इसे फैला रहा है। कार्यक्रम से लौटने के दौरान तुषार ने जय गांधी का नारा भी लगाया। इधर, संघ कार्यकताओं ने उनकी कार का रास्ता रोका और जमकर नारेबाजी की। इसके जवाब में तुषार भी लगातार गांधी अमर रहें जैसे नारे लगाते रहे।

# गर्लफ्रेंड के साथ सो रहे मालिक को कुत्ते ने मारी गोली!

## अस्पताल में चल रहा इलाज, पुलिस ने जांच के बाद बताया दुर्घटना

एजेंसी

**वॉशिंगटन। अक्सर इंसान दूसरे की गोली लगने से घायल होता है या फिर धोखे से उसे ही लग जाती है लेकिन कभी जानवर को इंसान को गोली मारते देखा या सुना है लेकिन अमेरिका में ऐसा हुआ है जहां एक शख्स पर कुत्ते ने गोली चला दी। पालतू कुत्ते का मालिक अपने डॉगी के ही पैर से चली गोली लगने से घायल हो गया। यह मामला हैरान करने वाला है और दुनिया भर में इसकी चर्चा हो रही है।**



मीडिया रिपोर्ट में पुलिस का कहना है कि कुत्ते के मालिक बेड पर अपनी गर्लफ्रेंड के साथ था। इसी दौरान डॉगी बेड पर कूदा और उसका पैर पिस्तौल पर पड़ गया, जिससे गोली चल गई और गोली सीधे उसके मालिक की जांघ पर लगी जिसे वह खून से लथपथ हो गया। अमेरिका के मेमफिस के रहने वाले टेनेसे का अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक यह घटना उस समय हुई, जब वह बेड पर अपनी पार्टनर के साथ सो रहा था। उनके बेड पर ही पिस्तौल रखी थी। ऑरियो नाम का उनका डॉगी बेड पर कूदा और उसका पैर पिस्तौल के ट्रिगर पर पड़ गया, जिससे गोली चल गई और टेनेसे घायल हो गया। पुलिस ने इस मामले की जांच के बाद बताया कि डॉगी का पैर फंस गया और गोली चल गई। इस मामले को दुर्घटना मानते हुए पुलिस ने जांच की।

बता दें अमेरिका में अकसर फायरिंग की घटनाएं होती रहती हैं। इसकी वजह है कि अमेरिका में हथियार रखना आम बात है। कई बार कोई सनकी या फिर मानसिक अवसाद से ग्रस्त व्यक्ति भीड़ में गोलियां चला देता है। लेकिन किसी जानवर ने इंसान पर गोली चला दी हो। दो साल पहले एक जर्मन शेफर्ड डॉग के चलते भी ऐसी ही घटना हुई थी। उस डॉग ने हंटिंग राइफल पर पैर रख दिया था, जिससे गोली चल गई और एक शख्स की मौत हो गई थी। वह घटना भी अमेरिका के कनसास की है। वहीं 2018 में एक 51 साल के शख्स को उसके पालतू पिटबुल-लैबराडोर मिक्स ब्रीड कुत्ते ने गोली मार दी थी।

मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है टेनेसे की गर्लफ्रेंड का कहना था कि यह गोली उस वक्त चली, जब वे दोनों सो रहे थे। उसने कहा कि उनका डॉगी काफी प्लेफुल है और वह अकसर यहां-वहां कूदता रहता है, लेकिन इस बार उसका बेड पर कूदना जोखिम भरा साबित हुआ। टेनेसे की गर्लफ्रेंड ने कहा कि हमारी भी गलती थी कि पिस्तौल का ट्रिगर लॉक नहीं किया।

## बिजनेस

# बाजार में आएंगे 100 और 200 रुपए के नए नोट : आरबीआई

एजेंसी



**नई दिल्ली**। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 100 और 200 रुपए के नोटों को लेकर अहम जानकारी दी है। जल्द ही बाजार में इन मूल्यों के नए नोट जारी किए जाएंगे, हालांकि इनके डिजाइन में कोई बदलाव नहीं होगा। आरबीआई ने बताया कि इन नए नोटों पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। यह प्रक्रिया हर नए गवर्नर की नियुक्ति के बाद होती है, जिसमें उनके हस्ताक्षर वाले नोट जारी होते हैं। पुराने 100 और 200 रुपए के नोट पहले की तरह वैध रहने वाले हैं और उन्हें बदलने की जरूरत नहीं होगी। आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि ये नए नोट जल्द ही बैंकों और एटीएम में उपलब्ध होने वाले है। इसके अलावा, यह भी देखा जा रहा है कि देश में किन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा नकदी का उपयोग किया जा रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2,000 रुपए के नोट बंद होने के बावजूद देश में नकदी का प्रचलन पहले से ज्यादा बढ़ा है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2017 में कैश सकुर्लेशन 13.35 लाख करोड़ रुपए था, जो मार्च 2024 तक बढ़कर 35.15 लाख करोड़ रुपए हो गया। हालांकि, डिजिटल भुगतान भी तेजी से बढ़ रहे हैं। मार्च 2020 में यूपीआई के जरिए डिजिटल लेन-देन 2.06 लाख करोड़ रुपए था, जबकि फरवरी 2024 तक यह बढ़कर 18.07 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया। पूरे 2024 की बात करें तो अब तक डिजिटल ट्रांजैक्शन लगभग 172 बिलियन रुपये तक हो चुका है।

# अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल बिकने के करीब

## हिंदूजा ग्रुप के इंडसइंड इंटरनेशनल के साथ हो सकता है सौदा

एजेंसी



**नई दिल्ली**। कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा इंसॉल्वेंसी प्रॉसीडिंग्स शुरू कर दी गई है। रिलायंस कैपिटल पर लगे 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के कर्ज के कारण आरबीआई ने इस कार्रवाई को लिया। इसके बाद, हिंदूजा ग्रुप की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड बहुत नजदीक आ गई है, जो रिलायंस कैपिटल को 98.6 अरब रुपये में खरीदने के लिए करीब है। सूत्रों के मुताबिक यह सौदा जल्द ही पूरा हो सकता है। इंडसइंड इंटरनेशनल के प्रतिनिधियों ने इस सौदे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए आईआईएचएल ने 9,861 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी। रिलायंस कैपिटल में लगभग 20 वित्तीय सेवा कंपनियाँ हैं, जिनमें सिक्योरिटीज ब्रोकिंग, इंश्योरेंस और एक एआरसी शामिल है। आरबीआई के अनुसार, रिलायंस कैपिटल अपने भुगतान करने में असमर्थ था और गंभीर प्रशासनिक चिंताओं का भी हवाला दिया गया था। आरबीआई का कहना था कि कंपनी के अंदर काफी गड़बड़ी थी और बोर्ड ने इन समस्याओं को ठीक करने में विफल रहा। इससे आरबीआई ने नवंबर 2021 में रिलायंस कैपिटल का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था। आधिकारिक घोषणा के लिए अगले कुछ दिनों में इंडसइंड इंटरनेशनल की ओर से स्पष्टता आ सकती है।

# मस्क की स्पेसएक्स से जुड़े जियो और एयरटेल, भारतीय

एजेंसी

**नई दिल्ली**। बीते एक-दो दिनों में भारतीय टेलीकॉम सेक्टर ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। जहां एयरटेल की ओर से बीते दिनों ऐलान हुआ कि कंपनी ने एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ सैटेलाइट बेस्ड इंटरनेट प्रोवाइडिंग स्टारलिंक से जुड़ी एक डील हस्ताक्षर किए है। इसके अगले ही दिन भारत की दूसरी बड़ी कंपनी जियो ने भी स्टारलिंक के साथ समझौते की घोषणा कर दी है। आसान शब्दों में बताए तब भारत की दो सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी जियो और एयरटेल ने एक यूएस की कंपनी के साथ एग्रीमेंट साइन किया है। इसके बाद भारतीय टेलीकॉम सेक्टर में बहुत कुछ बदलने वाला है। इसका असर इंटरनेट की स्पीड से लेकर इसकी कीमत पर होगा।

स्टारलिंक एक सैटेलाइट-बेस्ड इंटरनेट सर्विस है, जो लो अर्थ आर्बिट (एलईओ) सैटेलाइट्स के नेटवर्क के दवारा तेज इंटरनेट पहुंचाने का काम करती है। पारंपरिक ब्रॉडबैंड या मोबाइल नेटवर्क की तरह, जहां इंटरनेट केबल या टावरों के दवारा मिलता है। वहीं स्टारलिंक का इंटरनेट सीधा सैटेलाइट से यूजर के घर तक आता है। यूजर्स को स्टारलिंक डिश और स्टारलिंक राउटर्स की जरूरत होगी। जो सैटेलाइट से कम्युनिकेट करेगा।

भूटान में स्टारलिंक के रेसीडेंशियल लाइफ प्लान की कीमत 3000 रुपए प्रति माह है। जो 23 से 100 एमबीपीएस की स्पीड देता है। वहीं केन्या में इसकी कीमत करीब 872 रुपए प्रति महीना, अमेरिका में 10,466 प्रति महीना है। भारत की तुलना में जहाँ सामान्य मासिक इंटरनेट लागत 700 रुपये से 1,500 रुपये के बीच है। भारत में स्टारलिंक ने अभी किसी प्लान के रेट नहीं तय किए हैं। 2022 में स्टारलिंक प्रमुख संजय भार्गव ने अनुमान लगाया था कि भारत में इसकी कीमत सालाना 1 लाख 15 हजार रुपए यानी 9 हजार प्रति महीना हो सकती है। वहीं टेलीकॉम मार्केट के

# फ्लैगशिप एसयूवी हो गया है और भी बेहतर

**नई दिल्ली**। वॉल्वो कार इंडिया ने आज लग्जरी एसयूवीज के लिए एक नई मिसाल कायम करने वाली अपनी एक्ससी 90 को लॉन्च किया। अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और शानदार डिजाइन एलिमेंट्स वाली नई एक्ससी 90 की कीमत 1,02,89,900 रुपये (एक्स-शोरूम) है, जो कई अवॉर्ड जीतने वाली और सबसे ज्यादा बिकने वाली फ्लैगशिप एसयूवी को और भी बेहतर बना देते हैं। नई दिल्ली में स्थित स्वीडन के दूतावास में लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किया गया था, और इस अवसर पर महामहिम जॅन थेस्लेफ तथा वॉल्वो कार इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री ज्योति मल्होत्रा ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस मौके पर वॉल्वो कार इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योति मल्होत्रा ने कहा इस आईकॉनिक एसयूवी ने लंबे समय से हमारी कामयाबी में अहम भूमिका निभाई है और हमें नई एक्ससी 90 को भारतीय बाजार में पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

# ब्रिटिश कार कंपनी मॉर्गन ने लॉन्च की नई सुपरस्पोर्ट कार, यह हल्की और मजबूत

एजेंसी

**नई दिल्ली**। ब्रिटिश कार निमार्ता मॉर्गन ने अपनी नई सुपरस्पोर्ट कार पर जारी सस्पेंस से पर्दा उठा दिया है, जो 115 साल पुराने ब्रांड के लिए एक नए युग की शुरूआत करेगी। इस कार को मॉर्गन की पारंपरिक कोचबिल्ट स्टाइल में तैयार किया है, लेकिन इसे नए सीएक्सवी-एल्यूमिनियम प्लेटफॉर्म पर बनाया है, जिससे यह हल्की और ज्यादा मजबूत है। यह स्पोर्ट्स कार ब्रिटेन के मॉर्गन मुख्यालय में हाथ से तैयार की जाएगी। इसकी शुरूआती कीमत 1.07 करोड़ रुपए रखी गई है। इस कार का डिजाइन मॉर्गन की क्लासिक स्टाइल और आधुनिक तकनीक मेल है। यह तीन अलग-अलग विकल्प जैसे हल्के वजन वाला हार्ड-टॉप कार्बन-कम्पोजिट रूफ, पारंपरिक सॉफ्ट-टॉप और पूरी तरह ओपन-टॉप वर्जन में उपलब्ध होगी।




इस कार में बीएमडब्ल्यू का 3.0 लीटर टर्बोचार्ज्ड इनलाइन 6-सिलिंडर इंजन दिया गया है, जो 335बीएचपी की पावर जेनरेट करता है। इसे जेडएफ 8-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स से जोड़ा गया है, जिससे यह महज 4 सेकंड से भी कम समय में 0 से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ सकती है। इसकी टॉप स्पीड 267 किमी प्रति घंटा है। सुपरस्पोर्ट का वजन मात्र 1,170 किग्रा है, जिससे यह न केवल तेज बल्कि फ्यूल एफिशिएंट भी बनती है। इसका माइलेज 36.8एमपीजी बताया जा रहा है और सीओ2 उत्सर्जन 175 किलाग्राम है। इंटीरियर में विंटेज इंस्ट्रूमेंट डायल के साथ एलसीडी डिस्प्ले, स्कॉटिश लेदर सीटें, लकड़ी से बना सेंटर कंसोल और अपग्रेडेड ऑडियो सिस्टम दिया गया है। मॉर्गन ने इस कार को ज्यादा व्यावहारिक बनाने के लिए अतिरिक्त बूट स्पेस भी दिया है, जिससे यह सिर्फ स्टाइलिश ही नहीं, बल्कि आरामदायक है।

# आकर्षक ऑफर्स के साथ उपलब्ध

**नई दिल्ली**। बेहतरीन सिग्नल कनेक्टिविटी, एडवांस टेक्नोलॉजी और शानदार डिजाइन के लिए मशहूर एआई-ड्रिवन टेक ब्रांड, टेक्नो ने आज फ्लिपकार्ट पर अपने स्मार्टफोन्स की नई रेंज लॉन्च कर दी है। इस शानदार लाइनअप में टेक्नो स्पार्क 30सी 5जी, दमदार पोवा 6 नियो 5जी, फ्लैगशिप कैमन 30 5जी और वसेटाइल टेक्नो स्पार्क गो 1 शामिल हैं, जिन्हें मोबाइल अनुभव को नए स्तर पर ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। फ्लिपकार्ट पर टेक्नो के ये स्मार्टफोन्स बेजोड़ कीमतों पर मिलेंगे। इसके माध्यम से ब्रांड दमदार परफॉर्मेंस, एडवांस एआई-कैमरा टेक्नोलॉजी और लॉन्ग-लास्टिंग बैटरी का परफेक्ट कॉम्बिनेशन सीधे ग्राहकों तक पहुँचा रहा है। टेक्नो का विस्तार आधुनिक, टेक-सेवी ग्राहकों को बेहतरीन मोबाइल टेक्नोलॉजी से जोड़ने, बेहतर कनेक्टिविटी व क्रिएटिविटी बनाने और एक्सप्लोर करने की आजादी देता है।

## किसानों के लिए हार्वेस्टर बना वरदान, 30 मिनट में एक एकड़ गेहूं की कटाई

# फसल तैयार, काटने के लिए नहीं मिल रहे हैं हार्वेस्टर और मजदूर

गुड इवनिंग, पड़ाना

तेज धूप निकलने के साथ ही गेहूं की फसल पूरी तरह से पककर तैयार हो गई है जिसे किसान अपनी फसल को कटवाने में जुट गए हैं जिससे फसल समय पर कट जाए।

सारंगपुर विकासखंड में 52 हजार 700 सौ हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की बोवनी की गई है किसान हार्वेस्टर और मजदूरों से फसल काटने में लगे हुए हैं करीब 30 प्रतिशत किसानों ने गेहूं की कटाई कर ली है अधिकतर पंजाब से क्षेत्र में हार्वेस्टर आए हुए हैं तथा दर्जनों हार्वेस्टर फसल काटने में लगे हुए हैं जबकि 60 फीसदी फसल खेतों मे काटने के लिए खड़ी है यह फसल कटवाने के लिए किसान हार्वेस्टर की तलाश करते फिर रहे हैं तथा मजदूरों की बढ़ती कमी के कारण हार्वेस्टर का चलन के साथ मशीनों का इस्तेमाल बढ़ रहा है नगर सहित पूरे आसपास क्षेत्र में गेहूं कटाई की प्रक्रिया चल रही है यह सुनिश्चित करने के लिए कटाई समय पर हो जाए किसान अपनी कटाई के लिए हार्वेस्टर भी बुक करवाने लगे हैं चूंकि 1 एकड़ से गेहूं काटने और उसे सीधे ट्राली में लोड करने में हार्वेस्टर को सिर्फ 30 से 45 मिनट लगते हैं इसलिए ज्यादातर किसान मजदूर के अभाव में हार्वेस्टर को अपना रहे हैं।

**थ्रेशिंग मशीन का किराया भारी :** पारंपरिक तौर पर कटाई और थ्रेशिंग मशीन काफी ज्यादा शारीरिक श्रम के साथ अधिक मजदूर लगते हैं हालांकि मजदूरों की बढ़ती लागत और मजदूरों की कमी के कारण गेहूं की कटाई असंभव सी हो गई है इसलिए किसानों ने हार्वेस्टर को अपना मुख्य साधन बनाकर कटाई शुरू कर दी है खास तौर पर बड़े पैमाने पर किसान पिछले कई वर्षों से इस चलन को अपना रहे हैं तथा इसके साथ ही अपने मवेशियो के लिए भूसा करने की मशीन का उपयोग कर रहे हैं मार्च के इस महीने में बड़े पैमाने पर गेहूं की कटाई हो रही है तथा सरकारी गेहूं की खरीदी 15 मार्च से शुरू होंगी इसके लिए शासन के द्वारा इस बार गेहूं की खरीदी 2600 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से करने की घोषणा की है जबकि पिछले साल खरीदी केंद्र पर गेहूं के भाव 2425 रुपए प्रति क्विंटल था इसके साथ ही इस साल बाजार में गेहूं के अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है।



### मजदूरों की किल्लत के बीच हार्वेस्टर बना सहारा

मजदूरों की कमी के चलते किसानों को कई तरह की दिक्कतें आ रही है इसलिए किसानों को हार्वेस्टर इस्तेमाल करना पड़ रहा है इसके अलावा गेहूं कटाई के बाद गेहूं इकट्ठा करना फिर मशीन किराए पर लेनी पड़ती है जिस समय लगता है और महंगा काम है इसलिए किसान परेशानी को देखते हुए नफरत करते हैं इसलिए गेहूं के खेतों में हार्वेस्टर हर जगह दिखने लगे हैं इसके साथ ही अपने पशुओं को भूसा के लिए मशीन आ जाने से ट्रैक्टरों में भूसा भी साथ में ही बनने लग गया। किसान उमेश परमार महेंद्र परमार नारायण परमार जोरावर कलमोदीया दिनेश परमार हरि प्रसाद हाड़ा जगदीश दरबार बाबूलाल गुर्जर सहित अन्य किसानों का कहना है कि मजदूर के आभाव में हार्वेस्टर का उपयोग करना पड़ रहा है जिससे गेहूं की फसल कटाई समय पर हो सके।

## सारंगपुर में आज से 13 केंद्रों पर होगी गेहूं की सरकारी खरीद

गुड इवनिंग, सारंगपुर

सारंगपुर ब्लाक में रबी विपणन साल 2025-26 के लिए 15 मार्च से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होगी। सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्होरे ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस साल गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है। इसके साथ किसानों को 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस भी मिलेगा। इस तरह किसानों को कुल 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा।

आगामी 15 अप्रैल से गेहूं उपार्जन केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जाएगी। खरीदी केंद्रों के बारे में आदेश जारी कर दिया गया है। जिसमें इस बार खरीदी के लिए सारंगपुर विकासखंड में 13 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 15 अप्रैल से किसान अपनी उपज तुलाई के लिए ला सकते हैं। वहीं प्रशासन ने भी उपार्जन केंद्रों पर आने वाले किसानों के लिए छाया पानी के इंतजाम करने शुरू कर दिए हैं। गेहूं उपार्जन केंद्रों पर तौल कांटों का सत्यापन कराया जा रहा है। इस बार अधिकतर बड़े गोडाउनों को खरीदी केंद्र बनाया गया है।



फूड अधिकारी जितेंद्र जामरा ने बताया कि इस बार विकासखंड में 13 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें सहकारी समिति चिडल्यावनिया, सहकारी समिति पटाडिया धाकड़, सहकारी संस्था पचोर, सहकारी समिति धामंदा, सहकारी समिति पाटक्या, सहकारी समिति मऊ, सहकारी समिति पड़ाना, सहकारी समिति संडावता, सहकारी समिति पाडल्यामाता, सहकारी समिति हराना, सहकारी समिति बालोडी सहकारिता समिति सारंगपुर तथा सहकारी समिति तलेनी पर किसानों की उपज तुलाई की जाएगी।

# सड़क पर गड्ढे, गिरकर घायल हो रहे वाहन चालक

## कांकरिया-तलेनी मार्ग के बीच फोरलेन हाइवे सड़क का एप्रोच भी नहीं जोड़ा

गुड इवनिंग, सारंगपुर

**कांकरिया-पड़ाना करीब 6 किमी और कांकरिया से तलेनी करीब ढाई किमी सड़क प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनांतर्गत दो हिस्सो में बनी हुई है। इन दोनो की स्थिति वर्तमान में दयनीय है लेकिन जिम्मेदार उसे दुरुस्त कराने के लिए तैयार नही है।**

उल्लेखनीय है कि पड़ाना से कांकरिया मार्ग करीब 5 वर्ष पहले करोड़ो की लागत से निर्मित किया गया था। इस कारण से इसमें निर्माण के बाद से ही बार-बार गड्ढे हो रहे है। सड़क में गड्ढे हो गए और गिट्टियां बिखर गई। जिसके कारण आवागमन में लोगों को दिक्कते आ रहे ही। प्रधानमंत्री सडक योजना के तहत 3 करोड 79 लाखों रुपए की लागत से बनी यह 5.80 किलोमीटर सडक की सही मरम्मत नहीं की जा रही है।





**कांकरिया-तलेनी मार्ग के बीच फोरलेन हाइवे सड़क का एप्रोच भी नहीं जोड़ा :** सारंगपुर जाने के लिए कांकरिया से तलेनी तक बनी सड़क के बीच से फोरलेन हाइवे सड़क गुजरी है। इस सड़क को हाइवे के एप्रोच से जोड़ने पर नही पीएम सड़क योजना के अधिकारी और न ही एनएचएआई के अधिकारी ध्यान दे रहे है। स्थिति यह है कि फोरलेन सड़क पर चढ़ने के लिए पहले तो वाहन चालकों को घाटी चढ़नी पड़ती है और फिर सड़क और एप्रोच के बीच करीब आधा फीट का गड्ढा हो जाने से वाहन बमुश्किल ऊपर की तरफ चढाना पड़ता है। जिससे कभी भी फोरलेन सड़क से आने वाला वाहन कांकरिया की तरफ से आने वाले वाहनों को अपनी चपेट में ले सकता है और जन हानि हो सकती है।

### बोले जिम्मेदार

कांकरिया-तलेनी मार्ग का प्राक्कलन हमने भेजा था, जिसकी टीएस मिल चुकी है और लगभग ए एस भी होने वाली है। टेंडर प्रक्रिया पुरी होते है लगभग एक माह में नवीन डामरीकरण किया जाएगा। कांकरिया से पड़ाना का प्राक्कलन भेजा जाएगा।

**- जगदीश पाटीदार, इंजीनियर, पीएमजीएसवाय, ब्यावरा।**

## जीवन जीने का प्रशिक्षण देता है रमजान वक्त की पाबंदी सिखाता है रोजा

गुड इवनिंग, सारंगपुर

रमजान माह इंसान के लिए अल्लाह का बेशकीमती तोहफा है। यह हमें सही राह पर चलने और हर बुराई से दूर रहने की सीख देता है। रमजान जीवन जीने के लिए एक महीने के प्रशिक्षण की तरह है, जो इंसान को सब्र और इंसानियत के रास्ते पर चलने का तरीका सिखाता है। यह समझाईश मौलाना मुफ्ती शफीक साहब फलाही ने रमजान में रोजा का महत्व बताते हुए समाजजनों को दी। उन्होंने कहा कि यह इबादत का महीना है। रोजा रखने वाले रोजेदार को जरूरतमंद और बेसहारा लोगों की मदद करने का जज्बा पैदा करता है। मौलाना ने रमजान के आखिरी हिस्से में होने



वाले दस दिन के अहतकाफ की विशेषता बताई और कहा कि अहतकाफ यानी दस दिन की विशेष इबादत के लिए मस्जिद में प्रवेश लेकर अल्लाह से दुआएं मांगना है। जब ईद का चांद दिखे उसके बाद ही मस्जिद से बाहर आए। इस बीच चाहे परिस्थिति कैसी भी बने मस्जिद से बाहर नहीं आए।

## होली पर ट्रेनों और बसों में रही खचाखच भीड़, लोग हुए परेशान

गुड इवनिंग, सारंगपुर

होली पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। होली के एक दिन पहले से ही लोगों ने अपने घरों की ओर प्रस्थान करना शुरू कर दिया है। लोग छुट्टी लेकर घर लौट रहे हैं। गुरुवार को बस स्टैंड पर यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों से ज्यादा रही। गुरुवार को ब्यावरा, इंदौर और अन्य जिलों से आने व जाने वाली बसों में यात्रियों की काफी भीड रही। वहीं, रेलवे स्टेशन की टिकट खिडकी पर भी लोगों की लाइनें लगीं रहीं। वहीं बसों में सफर करने वाले लोगों की भी दिनभर बस स्टैंड पर भीड लगी रही।




### ट्रेन में सफर करना पसंद कर रहे यात्री

यात्री प्रवीण और रानी ने बताया कि बसों की तुलना में ट्रेन से सफर करना लोग ज्यादा पसंद करते हैं। कारण यह है कि एक तो बसों में किराया अधिक देना पडता है, ऊपर से तमाम दिक्कतें आती हैं। ट्रेन का सफर आरामदायक होता है। यात्री प्रकाश कुमार, रवि ने बताया कि इंदौर में परिवार रहता है। वहां से होली पर लोगों को आना है, लेकिन बस नहीं मिल पा रही है। अब उम्मीद है कि जल्द अच्छी बस मिल जाए और घर पहुंच जाए।

## संपादकीय

# सागर से महासागर तक भारत-मॉरिशस के बीच हुए 8 समझौते के कई हैं मायने

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉरिशस यात्रा में आठ महत्वपूर्ण समझौते हुए और उन्हें सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया। 70% भारतीय मूल की आबादी वाले इस देश में भारतीय और मॉरिशस के सांस्कृतिक और औपनिवेशिक पृष्ठभूमि ने रिश्तों को मजबूत किया। भारत ने मॉरिशस की चागोस स्वतंत्रता की लड़ाई में समर्थन किया।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय मॉरिशस यात्रा ने दोनों देशों के करीबी रिश्तों के अतीत, वर्तमान और भविष्य से जुड़े तमाम पहलुओं को बेहतरीन ढंग से रेखांकित किया है। इस दौरान दोनों देशों के बीच हुए आठ समझौते बेहद अहम हैं। पीएम मोदी को वहां के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा जाना भी खास है। लेकिन ये सब उन रिश्तों के अच्छे फल मात्र हैं, जिनकी जड़ें दोनों देशों की समान सांस्कृतिक और औपनिवेशिक पृष्ठभूमि से ताकत लेते हुए उन्हें वर्तमान और भविष्य की साझा दृष्टि से लैस करती हैं।

**सांस्कृतिक विरासत :** इस साझा सांस्कृतिक विरासत का एक बड़ा आधार है मॉरिशस के समाज के बड़े हिस्से का भारतीय मूल। 13 लाख आबादी वाले इस द्वीपीय देश में करीब 70% लोग भारतीय मूल के हैं। इसी से जुड़ा दूसरा अहम पहलू यह है कि मॉरिशस भी गुलामी के खिलाफ लंबे संघर्ष से गुजर चुका है। 1968 में ब्रिटेन से आजादी हासिल करने के बाद भी देश के एक हिस्से पर संप्रभुता कायम करने की उसकी जद्दोजहद हाल तक चलती रही।



**चागोस पर विवाद :** ब्रिटेन ने मॉरिशस की आजादी के बाद भी उसके एक द्वीपसमूह चागोस पर अपनी संप्रभुता बनाए रखी थी। लंबी कशमकश के बाद पिछले साल उसने चागोस पर मॉरिशस की संप्रभुता को मान्यता देना स्वीकार कर लिया, इस शर्त के साथ कि उसके एक हिस्से, डिएगो गार्सिया द्वीप पर अगले 99 साल तक उसका कब्जा रहेगा। ध्यान रहे, डिएगो गार्सिया में अमेरिका-ब्रिटेन का सैन्य अड्डा है। इस लंबी कशमकश के दौरान भारत मॉरिशस के संघर्ष में उसके साथ बना रहा। न सिर्फ पीएम मोदी ने यात्रा के दौरान इस तथ्य को रेखांकित किया बल्कि मॉरिशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम ने भी इसे दोनों देशों की दोस्ती का एक पुख्ता प्रमाण बताया।

**दस साल का अंतराल :** पीएम मोदी की यह यात्रा दस वर्षों के अंतराल पर हुई और इसमें द्विपक्षीय रिश्तों की बेहतरी इस रूप में भी व्यक्त हुई कि तब भारत का जो विजन उन्होंने सागर (सिक्यॉरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन) के रूप में प्रकट किया था, वह अब महासागर (म्युचुअल एंड होलिस्टिक एडवांसमेंट फॉर सिक्यॉरिटी एंड ग्रोथ अक्रॉस रीजंस) का रूप ले चुका है।

**सहयोग और सुरक्षा :** इसका असर स्वाभाविक ही सहयोग और साझेदारी के तमाम रूपों पर नजर आ रहा है। खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की आक्रामकता के मद्देनजर भारत इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट के साथ ही सुरक्षा पहलुओं पर भी खासा ध्यान दे रहा है।

## गांव के लोगों ने दान में दी लाखों की जमीन

# नारायणपुर गांव की पहचान बनेगा चैरिटी आंख का अस्पताल

गुड इवनिंग, पड़ाना

आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग से महज 3 किलोमीटर की दूरी पर गांव के बीच सड़क मार्ग पर स्थित सरदार पटेल सेवा ट्रस्ट परमार्थ चैरिटी आई हॉस्पिटल संस्थान नारायणपुर गांव की पहचान बनेगा यहां के ज्यादातर लोग खेती व मजदूरी पर निर्भर है ग्राम पंचायत नारायणपुर ज्यादा बड़ा नहीं है गांव में मिडिल स्कूल है लेकिन इस ग्राम पंचायत के लोगों के लिए मूलभूत सुविधाओं का भी आभाव है यहां के गांव तक पक्की सड़क है इसके बाद मल्हारगंज एवं पड़ाना जाने के लिए आजादी के बाद से पक्की सड़क नहीं बनी है।

गांव के अधिकांश लोग खेती व मजदूरी पर निर्भर है राजगढ़ जिले का एक गांव नारायणपुर (कोलूखेड़ा) ऐसा है जिसे लोग दान देकर सेवा करने की भावना रखते हैं और इसको पुण्य के रूप में मानते हैं सारंगपुर जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत नारायणपुर (कोलूखेड़ा) गांव की आबादी लगभग 1200 के करीब है यहां के लोगों ने सरदार पटेल सेवा ट्रस्ट परमार्थ चैरिटी नेत्र संस्थान नेत्र चिकित्सालय के लिए भूमि दान में देकर एक अनूठी मिसाल पेश की है।

नारायणपुर गांव के तीन किसानों चैन सिंह पिता ओंकारसिंह पाटीदार जगदीश पिता आत्माराम पाटीदार मणि शंकर पिता मांगीलाल पाटीदार ने नेत्र चिकित्सा अस्पताल के लिए सड़क मार्ग से लगी हुई करीब 80 लाख रुपए कीमती चार बीघा जमीन अस्पताल के लिए दान की और कहा कि इस जमीन पर नेत्रों का अस्पताल के बन जाने से इसमें हजारों लोगों को आंखों की ज्योति मिलेगी और राजगढ़ जिले में अपनी पहचान बनाएगा, जिससे नारायणपुर गांव का नाम रोशन होगा अस्पताल के लिए दान हमारा सबसे बड़ा धर्म और कर्म होगा और दान करने से पुण्य मिलेगा जिले में नेत्र का एक भी बड़ा अस्पताल नहीं है इससे लोगों को अन्य जिलों में जाकर के नेत्रों का ऑपरेशन करवाना पड़ता है परंतु इस नेत्र अस्पताल के बन जाने से जिलेवासियों के लोगों को लाभ मिलेगा तथा गांव में नेत्र शिविर लगाने के दौरान डॉ राजेंद्र पाटीदार के संपर्क में आने के बाद नेत्रों के अस्पताल की आस जगी।



### डॉक्टर पाटीदार ने भामाशाह बनकर कर दिया कमाल

सरदार पटेल सेवा ट्रस्ट परमार्थ चैरिटी संस्थान नेत्र अस्पताल के बनने से पहले शुरूआत में सन 2005 से लेकर 2008 तक दुबई के अस्पताल में सेवा देने के बाद एक सपना लेकर आये कि अपने देश में ही रहकर लोगों की सेवा करने का मन बनाया तथा डॉक्टर राजेंद्र पाटीदार एक भामाशाह के रूप में आए और 2008 से लेकर 2012 तक मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी में सेवा देते हुए गांव गांव करीब 4 साल तक नेत्रों का निशुल्क शिविर लगाया नेत्र शिविर के दौरान करीब 30 हजार लोगों का निशुल्क आंखों का ऑपरेशन मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी में सफल हुआ छोटे से गांव मकोड़ी जिला शाजापुर गांव के निवासी डा राजेंद्र पाटीदार जो की अब पचोर में निवास रत है ने मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी में सेवा के दौरान नेत्र संस्थान खोलने का मन बनाया इसी के चलते डॉक्टर राजेंद्र पाटीदार ने दौरा कर उदयपुर नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक उदयपुर में कैलाश मानव जी से संपर्क कर संस्थान के सेवा कार्य का अवलोकन किया और वहीं से प्रेरणा जागी कि किस तरह से लोगों की सेवा की जाये तथा इस दौरान मन में विचार आया कि अस्पताल संस्थान खोलने के लिए जमीन की।



**कलेक्टर ने खेली होली...**




इंदौर। गुरुवार को शहरवासियों ने जमकर होली खेली। वहीं शनिवार को कलेक्टर कार्यालय में होली का पर्व मनाया गया, इस मौके पर कलेक्टर आशिष सिंह ने अधीनस्थों के साथ होली मनाई।

### संदिग्ध लोगों की ली तलाशी

# होली पर पुलिस ने बरती सख्ती प्रमुख चौराहों पर चलाया अभियान

गुड इवनिंग, इंदौर

*इंदौर में होली के त्यौहार पर अक्सर आपराधिक घटनाएं होती है। पिछले दो दिन सालों से इस तरह के मामले हुए है। इस बार ऐसा न हो, इसलिए पुलिस ने प्रमुख चौराहों पर जांच अभियान चलाया। दोपहिया वाहन पर शराब पीकर वाहन चला रहे युवकों को रोका और उनके वाहन जब्त कर लिए। इसके अलावा संदिग्ध लोगों की तलाशी भी ली गई।*

*कलेक्टोरेट तिराहे पर लगे पाइंट पर पुलिसकर्मी रंगों से भरी बोरियां जब्त करते नजर आए। यहां 20 से ज्यादा बोरियां दोपहर तक एकत्र हो गई थी। दरअसल चलते वाहनों पर बोरियों में से गुलाल भरकर दूसरे वाहन चालकों के चेहरे पर फेंकने की घटना के कारण अक्सर सड़क हादसे होते है।*

**होली के दिन ढाबों पर छापेमारी, कार में शराब पीते कई युवक पकड़े गए**-इसे रोकने के लिए बोरियों से भरी गुलाल जब्त कर ली गई। परदेशीपुरा, कुलकर्णी भट्टा क्षेत्र पर युवकों की तलाशी भी ली गई। कुछ युवकों के पास से चाकू भी जब्त हुए है। शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात था। परदेशीपुरा क्षेत्र में वकीलों पर रंग फेंकने पर विवाद हो गया था।






**भंवरकुआं क्षेत्र के होस्टलों में खूब खेली होली**-भंवरकुआं, टॉवर चौराहा, विष्णुपुरी वाले इलाके में सैकड़ों होस्टल है। यहां युवक-युवतियों ने खूब होली खेली। इस दौरान विवाद न हो, इसलिए बीट पुलिस जवान भी सक्रिय नजर आए। होली के बहाने हुड़दंग करने वालों को पुलिस ने उठक-बैठक लगवा कर सबक भी सिखाया। शाम के समय भी प्रमुख चौराहों पर पुलिस ने जांच की।

**ढाबों और होटलों पर छापेमारी व चेकिंग अभियान चलाया**-इंदौर में होली से पहले गुरुवार देर रात पुलिस ने आजाद नगर और तेजाजी नगर क्षेत्रों में स्थित ढाबों और होटलों पर अचानक छापेमारी कर चेकिंग अभियान चलाया।इस दौरान कई लोग कार में बैठकर शराब पीते हुए पकड़े गए। इन लोगों के खिलाफ खुले में शराब पीने और नशे की हालत में वाहन चलाने के आरोप में कार्रवाई की गई।

## अवैध शराब भी पकड़ाई

चेकिंग अभियान के तहत बायपास क्षेत्र के 'सिंह साहब ढाबा' और 'गोवर्धन रेस्टोरेंट' पर भी छापेमारी की गई। इन स्थानों पर भी कार में बैठकर शराब पी रहे लोगों को पुलिस ने पकड़ा और उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की। अवैध शराब के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए राजेंद्र नगर इलाके के बुध नगर क्षेत्र में एक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान अशोक नामक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बेचते हुए पकड़ा गया। पुलिस को उसके पास से बड़ी मात्रा में अवैध देसी शराब की बोतलें बरामद हुई। अशोक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की गई। इस प्रकार, पुलिस द्वारा देर रात चलाए गए इस अभियान में कई लोगों को नशे की हालत में पकड़ा गया और अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों पर सख्त कदम उठाए गए।

### गांजा पीने वाले पकड़ाए

डीसीपी जोन-1 विनोद मीणा के निर्देश पर आईपीएस अधिकारी करण दीप सिंह ने देर रात आजाद नगर और तेजाजी नगर क्षेत्र के विभिन्न ढाबों और रेस्टोरेंट्स का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां शराब पी रहे लोगों पर सख्त कार्रवाई की। चेकिंग अभियान के दौरान किला कोठी ढाबे पर छापा मारा गया, जहां एक कार में बैठे युवक गांजा पीते हुए पाए गए। पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को हिरासत में लिया। इसके अलावा, टीम ने तेजाजी नगर स्थित 'अपना ढाबा' पर भी छापेमारी की। यहां भी एक कार में बैठे युवक शराब पीते हुए पाए गए। पुलिस ने इन युवकों को भी थाने ले जाकर उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की।



## होली की ड्यूटी पर तैनात टीआई का निधन

इंदौर। होली की ड्यूटी पर तैनात थाना प्रभारी संजय पाठक का निधन हो गया। उन्हें सीने में दर्द की शिकायत के बाद



बॉम्बे अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बॉम्बे अस्पताल के डॉक्टर राहुल पराशर ने बताया कि जब संजय पाठक को अस्पताल लाया गया था, उससे पहले ही उनकी मृत्यु हो चुकी थी। इस दुःखद खबर की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंचे। बताया जा रहा है कि उन्हें पहले से कोई बड़ी शारीरिक समस्या नहीं थी। अचानक आए हार्ट अटैक से सभी हैरान हैं।

## इंदौर के जावरा कंपाउंड की शराब दुकान हटाने की मांग

गुड इवनिंग, इंदौर

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इंदौर के जावरा कंपाउंड स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग की है। नए वित्त वर्ष में यह दुकान नहीं हटाई गई, तो आंदोलन की चेतावनी दी है। जावरा कंपाउंड में भाजपा कार्यालय के पास स्थित इस शराब दुकान का संचालन एक मार्केट में किया जाता है। जब आकाश विजयवर्गीय विधायक थे, तब उन्होंने भी इस दुकान को हटाने की अनुशंसा की थी, क्योंकि यह उनके कार्यालय के पास स्थित थी। हालांकि, उस समय प्रशासन ने किसी भी शराब दुकान को नहीं हटाया और यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। अब यह मामला फिर से गर्मा गया है। भाजपा की शहर इकाई के नए अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कलेक्टर आशीष सिंह को पत्र लिखकर मांग की है कि 1 अप्रैल से जावरा कंपाउंड स्थित शराब दुकान को किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाए। इस संबंध में मिश्रा और कलेक्टर के बीच चर्चा भी हो चुकी है। साथ ही, मिश्रा ने पार्टी नेताओं को स्पष्ट कर दिया है कि यदि प्रशासन ने इस दुकान को नहीं हटाया, तो शीघ्र ही आंदोलन व विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

**विरोध-प्रदर्शन...**



इंदौर में रंग डालने के विवाद पर हाईकोर्ट वकीलों और परदेशीपुरा थाना पुलिस हुई आमने-सामने। वकीलों ने थाने का घेराव किया।

## डूबने से युवक की मौत

इंदौर। चंदन नगर थाना क्षेत्र के जवाहर टेकरी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, होली के त्योहार के अवसर पर अपने दोस्तों के साथ होली खेलने के बाद, 20 वर्षीय भोला पिता भीम ने



खदानों में भरे पानी में नहाने का फैसला किया। दुर्भाग्य से, वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है और मर्ग कायम कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव धाम** द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग लून, 22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सफायर ट्विन्स, 102 फर्स्ट फ्लोर, पीयू 3, विजयनगर, एबी रोड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित। फोनः 0731-4000244
आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2017/72473 डाक पंजीयन क्रमांक- MP/IDC/1550/2020-2022, **प्रधान संपादक : राजीव धाम, एग्जीक्यूटिव संपादक गिरिराज सिकरवार**, स्थानीय संपादक : **कमलेश गुरु** *, (*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।